


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 6/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
आर.एन.आई 22296/71 डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 20 जुलाई 2024 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in

## दोबारा घोषित हुआ नीट यूजी का रिजल्ट, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हुई घोषणा

**नई दिल्ली।** एनटीए ने 18 जुलाई को नीट मामले पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान मिले निर्देशों के बाद आज, 20 जुलाई को नीट के उम्मीदवारों का रिजल्ट दोबारा घोषित किया है। उम्मीदवार आधिकारक वेबसाइट पर जाकर पर जाकर अपना संशोधित स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

सांध्यप्रकाश विशेष

## लेफ्टिनेंट जनरल प्रीत पाल सिंह को अति विशिष्ट सेवा पदक मिला

सुदर्शन चक्र कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल प्रीत पाल सिंह को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित अति विशिष्ट





सेवा पदक (एवीएसएम) से सम्मानित किया गया। यह सम्मान लेफ्टिनेंट जनरल सिंह की भारतीय सशस्त्र बलों में असाधारण सेवा और विशिष्ट योगदान को मान्यता देता है।

अपने विशिष्ट करियर के दौरान, लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने लगातार उल्लेखनीय पेशेवर क्षमता और नेतृत्व का प्रदर्शन किया है। उनके समर्पण और प्रतिबद्धता ने भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन दक्षता और रणनीतिक क्षमताओं को काफी बढ़ाया है।

संपूर्ण सुदर्शन चक्र कोर को लेफ्टिनेंट जनरल सिंह के इस योग्य सम्मान पर बहुत गर्व है और हार्दिक बधाई देता है। उनकी अटूट सेवा और प्रेरणादायक नेतृत्व उनके साथियों को प्रेरित करता है और अगली पीढ़ी के अधिकारियों को प्रेरित करता है।

## बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने सैकड़ों कैदियों को छुड़ाया, जेल में लगाई आग

ढाका। बांग्लादेश के हर पल बदतर होता जा रहा है। सरकारी नौकरियों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बच्चों को आरक्षण देने के खिलाफ शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन हिंसक हो चुका है। हर ओर हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ किया जा रहा है। शुक्रवार को गुस्साएं प्रदर्शनकारियों ने नरसिंगड़ी जिले में स्थित जेल पर धावा बोलकर कब्जा कर लिया। जेल से सैकड़ों कैदियों को छुड़ाने के बाद कैंपस को आग के हवाले कर दिया। एक दिन



पहले प्रदर्शनकारियों ने देश के मुख्य सरकारी टीवी चैनल बीटीवी के मुख्यालय में आग लगा दी थी। पीएम शेख हसीना का इंटरव्यू दिखाने से प्रदर्शनकारी नाराज थे। न्यूज चैनल मुख्यालय में खड़ी दर्जनों गाड़ियों को तोड़ने का उसे भी आग के हवाले कर दिया था।

न्यूज रिपोर्ट्स के अनुसार, बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में कम से कम 64 लोग मारे जा चुके हैं। इस हिंसा में 2500 से अधिक घायल भी हैं। गुरुवार को सबसे अधिक लोगों की जान गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 18 जुलाई को 30 से अधिक लोग हिंसा की चपेट में आकर जान गंवा बैठे थे।

### भारतीयों की वापसी शुरू, कई छात्र लौटे देश

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन जारी है. पूरा देश हिंसा की आग से गुजर रहा है. हिंसा को देखते हुए इंटरनेट, मोबाइल और रेल सेवाएं पूरी तरह से बाधित कर दी गई हैं। बांग्लादेश में हिंसा में अब तक 28 लोगों की जान जा चुकी है. भारत सरकार पड़ोसी देश में हिंसा पर नजर रख रही है और बांग्लादेश में फंसे भारतीयों और छात्रों को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बांग्लादेश में 15000 भारतीयों में से 8500 छात्र हैं। बांग्लादेश से भारतीय छात्रों को सुरक्षित वापस लाया जा रहा है. इसे बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल लाया जा रहा है. रात 8 बजे पहले बैच में कुल 245 भारतीय स्वदेश लौटे हैं, जिनमें 125 छात्र भी शामिल हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार में तगड़ा उछाल, पहुंचा ऑलटाइम हाई पर

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में जबर्दस्त उछाल देखने को मिला है। इसके साथ ही ये ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा



शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 12 जुलाई को खत्म हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 10 बिलियन डॉलर उछलकर 666.85 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। इसके पहले वाले हफ्ते में देश का फॉरेक्स रिजर्व 657.15 बिलियन डॉलर था।

रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, 12 जुलाई 2024 को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 9.69 अरब डॉलर बढ़कर 666.85 अरब डॉलर हो गया है। वहीं, इस दौरान फॉरेन करेंसी एसेट्स भी 8.36 अरब डॉलर बढ़कर 585.47 बिलियन डॉलर हो गई है।




# जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारम्भ, 5 देश- 9 राज्यों के निवेशक जुटे

### शिवपुरी में 10 हजार करोड़ से बारूद फैक्ट्री बनाएगा अदाणी समूह

जबलपुर। यूपी और तमिलनाडु के बाद देश के तीसरे डिफेंस कॉरिडोर जबलपुर, कटनी और इटारसी में निवेश के लिए शनिवार को देश-दुनिया के निवेशक जबलपुर रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव में पहुंचे हैं। नेताजी सुभाषचंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर में 5 देशों और 9 राज्यों के 3500 से ज्यादा निवेशक शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीप प्रज्वलित कर



रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप भी मौजूद रहे।

निवेशकों में अदाणी समूह की डिफेंस यूनिट देख रहे अशोक वाधवान, एडवांस वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड के राजेश चौधरी, सैन्य वाहन निगम लिमिटेड के सीएमडी संजय द्विवेदी जैसे बड़े नाम शामिल हैं। अदाणी समूह अभी शिवपुरी के आसपास 10 हजार करोड़ का निवेश करने वाला है। जमीन देख ली गई है। यह गोला-बारूद उत्पादन से जुड़ी यूनिट होगी। डिफेंस में निवेश करने के लिए 50 एकड़ तक जमीन 75 प्रतिशत डिस्काउंट पर दी जाएगी।

आयोजन में देश के प्रमुख औद्योगिक घरानों और नामी कंपनियों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए हैं। ब्रिटेन, ताइवान सहित पांच देशों से आ रहे प्रतिनिधि भी कान्क्लेव में मौजूद हैं। कान्क्लेव में जबलपुर और आसपास के क्षेत्र में औद्योगिक निवेश को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर करने से करोड़ों रुपये के औद्योगिक करार की संभावना है।



### डिफेंस में निवेश किया तो 50 एकड़ तक जमीन 75 प्रतिशत डिस्काउंट पर

जबलपुर समिट में सरकार डिफेंस कॉरिडोर के साथ भोपाल, ग्वालियर, पीथमपुर, सागर के लिए भी निवेशकों को आकर्षित करने वाली है। सरकार ने निवेशकों को बड़ा ऑफर भी दिया है। यदि कोई इंडस्ट्री डिफेंस सेक्टर में निवेश करती है तो उसे 50 एकड़ तक जमीन 75 प्रतिशत तक डिस्काउंट पर मिलेगी। इसके अलावा बड़ा लैंड-बैंक भी निवेशकों के सामने रखा जाएगा। डिफेंस के लिए मिली जमीन बेचने पर सब-लीज पर दिया जा सकेगा। जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने छिंदवाड़ा में 15 यूनिट का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण और शिलान्यास किया. मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा... छिंदवाड़ा के औद्योगिक विकास में कोई कमी नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जबलपुर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के अवसर पर Madhya Pradesh IT, ITeS and ESDM Investment Promotion Policy 2023 Guidelines का विमोचन किया।



### दो विभागों के प्रमुख सचिवों ने दिया प्रेजेंटेशन

मध्यप्रदेश में उद्योग की संभावनाओं को लेकर प्रमुख सचिव उद्योग राघवेंद्र सिंह ने प्रेजेंटेशन दिया। इसके बाद प्रमुख सचिव माइनिंग और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग निकुंज श्रीवास्तव ने भी माइनिंग और आईटी सेक्टर में निवेश की संभावनाओं को लेकर उद्योगपतियों के सामने प्रेजेंटेशन दिया।

### छह बड़े कॉरिडोर को भी रखा जाएगा

दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, अटल प्रोग्रेस-वे, ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर, वाराणसी-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, नर्मदा एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को भी निवेशकों के सामने रखा जाएगा। इसके आसपास निवेश की काफी संभावनाएं होंगी।

### 500 करोड़ से अधिक निवेश पर इन्सेंटिव

डिस्काउंट पर जमीन के साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, उपकरणों के आयात समेत अन्य कई चीजों पर राज्य सरकार ने 500 करोड़ तक का इन्सेंटिव देने का प्रस्ताव दिया है। फूड प्रोसेसिंग और टैक्सटाइल के साथ टूरिज्म क्षेत्र में निवेश पर भी सरकार भरपूर मदद करने का वादा कर रही है।



### माइनिंग नीलामी में एमपी मिसाल बना: डॉ. यादव

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा, ढाई सौ साल तक लूट का शिकार बनने के बाद 75 सालों में हमने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का काम किया है। एमपी में माइनिंग की नीलामी ने देश में अलग स्थान हासिल किया है। जिस तरह साफ-सुथरी और पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से नीलामी का काम किया गया है, वह मिसाल बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमपी में टूरिज्म, माइनिंग और अन्य सेक्टर के अलावा शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार की अवसर पैदा किए गए हैं। सीएम ने कहा, एमपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चलने को तत्पर है। हम मोदी के नेतृत्व में पांचवीं अर्थव्यवस्था बने हैं।

### पांच सत्रों में अलग-अलग सेक्टर पर होगी बात

आयोजन को पांच सत्रों में बांटा गया है। इसमें पहला सेशन- माइनिंग-मिनरल, दूसरा- एग्रीकल्चर-फूड प्रोसेसिंग, तीसरा- डिफेंस, चौथा- टेक्सटाइल गारमेंट और पांचवां- पर्यटन सेशन होगा। राउंड टेबल मीटिंग में डिफेंस एग्रीकल्चर, डेयरी, फूड प्रोसेसिंग टैक्स्टाइल एंड गारमेंट्स जबलपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के साथ राउंड टेबल बैठकें भी होंगी। प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसमें जबलपुर की व्यापारिक संभावनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

## कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक, घोटालों पर आक्रामक होगी कांग्रेस

### दिग्गी,पटवारी,उमंग,जितेन्द्र सिंह मौजूद, कमलनाथ-तन्खा वर्चुअल जुड़े

**भोपाल।** कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हो रही है। अब घोटालों पर कांग्रेस और आक्रामक होगी, इसे लेकर लंबी चर्चा हुई है। मप्र में नर्सिंग घोटाले, प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी, नीट फर्जीवाड़े सहित तमाम मुद्दों को लेकर कांग्रेस और ज्यादा आक्रामक होगी। भोपाल के बाद प्रदेश के सभी जिलों में इन मुद्दों पर धरना-प्रदर्शन आंदोलन किए जाएंगे।



इस बैठक में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, कांतिलाल भूरिया सहित कमेटी के अनेक सदस्य मौजूद हैं। पीएसी की बैठक में पूर्व सीएम कमलनाथ और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने वर्चुअल जुड़कर अपनी बात कही।

### नीट-नर्सिंग घोटाले के पीडित छात्रों से मिलेंगे कांग्रेस नेता

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के निर्देश पर अब सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी नीट और नर्सिंग घोटाले में उलझे स्टूडेंट्स से मिलकर उनके साथ प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन देंगे। पटवारी ने सभी जिलाध्यक्षों को इस संबंध में पत्र भी लिखा है।

## यूपीएससी अध्यक्ष मनोज सोनी ने कार्यकाल समाप्त होने के 5 साल पहले दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** 'फर्जी प्रमाण पत्र' प्रकरण के बीच संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष डॉ. मनोज सोनी ने 2029 में अपना कार्यकाल समाप्त होने से लगभग पांच साल पहले व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है। डॉ. सोनी 2017 में आयोग के सदस्य के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने 16 मई, 2023 को अध्यक्ष के रूप में शपथ ली। डॉ. सोनी यूपीएससी के 31वें अध्यक्ष हैं। उन्होंने प्रदीप कुमार जोशी का स्थान लिया था । यह रेखांकित करना उचित है कि यह पहली बार है जब किसी यूपीएससी अध्यक्ष ने इस्तीफा दिया है।

## अब नहीं चलेगी प्राइवेट टेलीकॉम कंपनियों की मनमानी...ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की तैयारी

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एयरटेल, जियो और वोडाफोन की मनमानी रोकने का तरीका ढूंढ लिया है। भारत में जल्द ही स्वदेशी 4जी नेटवर्क विकसित होने वाला है।

बीते दिनों एयरटेल, रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया ने अपने मोबाइल टैरिफ रेट्स एक के बाद एक बढ़ाए हैं। जिसने यूजर्स को काफी नाराज किया है। ऐसे में सरकार अब ऐसे कदम उठाने जा रही है, जिससे यह टेलिकॉम कंपनियां अपनी मनमानी नहीं कर पाएगी।

टेलिकॉम कंपनियों के दामों में बढ़ोतरी के बाद बहुत से यूजर्स सरकारी टेलिकॉम कंपनी बीएसएनएल की तरफ शिफ्ट हो गए थे। सरकार की



तरफ से बीएसएनएल और एमटीएनएल को मजबूती देने के प्रयास किए जा रहे हैं। ये टेलिकॉम कंपनियां अभी 4जी और 5जी सेवाएं नहीं देती हैं। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने खुलासा किया है कि जल्द ही बीएसएनएल और एमटीएनएल की 4जी और 5जी सेवाएं शुरू होने वाली है।

एमटीएनएल पर पंजाब एंड सिंध बैंक का 37.5 करोड़ रुपए बकाया है। इस संबंध में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि एमटीएनएल को कोई लेन-देने बकाया नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि एमटीएनएल का काम अब बीएसएनएल के अंतर्गत आ जाएगा। एमटीएनएल के बकाया चुकाने के लिए उसकी संपत्ति बेची जाएगी। इस बीच, जब तक संपत्ति बिक नहीं जाती और कुछ बॉन्ड का भुगतान का समय नहीं आ जाता, तब तक सरकारी गारंटी वाले बॉन्ड मान्य रहेंगे. भारत सरकार उन बॉन्ड्स के लिए जिम्मेदार है।

### स्वदेशी 4जी सिस्टम बना रहा भारत

भारतीय मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन समारोह में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारत में बीएसएनएल को फिर से रिवाइव करने की कार्ययोजना बताई। उन्होंने बताया कि इस कार्य में देरी इसलिए हो रही है, क्योंकि भारत आत्मनिर्भरता से अपना खुद का 4जी सिस्टम विकसित कर रहा है। सिंधिया ने कहा- हमारे लिए विदेशी कंपनियों से टेक्नोलॉजी लेकर वही करना आसान होता, जो दूसरे देश कर रहे हैं। लेकिन, हम मानते हैं कि भारत सिर्फ सेवाएं देने वाला देश नहीं रहना चाहिए, बल्कि खुद प्रोडक्ट्स भी बनाना चाहिए। इसलिए हमने कठिन रास्ता चुना और खुद ही भारत का 4 जी सिस्टम बनाने का फैसला किया।

### टाटा के संचालन में बन रहा 4जी सिस्टम

भारत का अपने स्वदेशी 4जी सिस्टम टाटा समूह के संचालन में बन रहा है। टाटा समूह का तेजस नेटवर्क और टीसीएस तथा सरकारी सी-डॉट का एक समूह मिलकर भारत में 4जी और 5जी इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास कर रहे हैं।

# आय को बढ़ाकर आत्मनिर्भर नगर निगम बनाना सरकार की प्राथमिकता : विजयवर्गीय

## नगरीय निकाय एवं आवास मंत्री की अध्यक्षता में नगरीय निकायों की हुई समीक्षा

**भोपाल** । नगरीय निकाय एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में नगर पालिक निगमों के कार्यों की समीक्षा मंत्रालय में हुई। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने निर्देशित किया कि सभी नगर निगम सौलर ऊर्जा का अधिकाधिक उपयोग किया करें। नगरीय निकाय सोलर पावर प्लांट लगा सकते हैं, इससे बिजली की बचत होगीं। उन्होंने बताया कि बजट का बड़ा हिस्सा बिजली बिल में जाता है। सौर ऊर्जा से बिजली बिल कम कर राशि को विकास कार्यों में लगा सकते हैं। प्रधानमंत्री सूर्य लक्ष्मी योजना से नगरीय निकाय, निजी भवन मालिकों को घरों पर सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित करें।



श्री विजयवर्गीय ने कहा कि ग्रीन पॉवर में प्रदेश नम्बर 1 हो, नगर निगम अपनी आय बढ़ा कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य करें। विज्ञापन के माध्यम से आय वृद्धि की जा सकती हैं। पुनर्घनत्वीकरण परियोजना को नगरीय निकायों द्वारा लिया जायें और प्रक्रिया को सरल किया जायें। शासकीय भवनों से भी सेवा कर लिया जायें।

श्री विजयवर्गीय ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि समस्याओं के निराकरण के लिए लगातार कार्य करना चाहते हैं, यह प्रसन्नता कि बात हैं। जनभागीदारी को भी अधिकांश योजनाओं में भी बढ़ावा देने पर भी सभी महापौरगण विचार कर सकते हैं। शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों की सूची बनाएं, जिसमें इंजीनियर, आर्किटेक्ट, प्रोफेशनल्स, कलाकार आदि सभी प्रकार के नागरिक शामिल हों। शहर के विकास में सभी को साथ लेकर चलें। हमें पूरी टीम वर्क के साथ काम करना चाहिए। निकायों के पास बहुत अधिकार हैं, इनका उपयोग शहर हित में करना चाहिये।

श्री विजयवर्गीय ने कहा कि जनभागीदारी का सबसे अच्छा उदाहरण इंदौर शहर हैं। यहाँ पौध-रोपण कार्यक्रम में की लोगों ने लाखों पेड़ लगा दिये। सफाई से निगम की छवि बनती हैं, इसलिए सफाई के लिए विशेष ध्यान दिया जाये। कई योजनाओं में प्रदेश नम्बर 1 है तो आगे भी बना रहें। श्री विजयवर्गीय ने अवैध कालोनियों पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिये। आवारा कुत्तों पर नियंत्रण एवं उनके द्वारा काटने की घटनाओं को रोकने के लिए कार्य करने के निर्देश दिये। श्री विजयवर्गीय ने कहा कि मल्टी स्टोरी भवनों के लिफ्ट एवं फायर सेफ्टी सिस्टम नगरीय निकाय द्वारा देखें जाये। फायर संचालनालय का गठन किया जायेगा, इसके लिए लगभग 4 सौ करोड़ का बजट प्रस्तावित हैं। नये सिरे से फायर एक्ट भी बनाये जाऐगें। नगर निगमों तक संसाधनों को पहुंचाया जायेगा। किरायेदारी अधिनियम बनायेंगे, जिससे संपत्ति के मालिक का स्वामित्व बना रहे और किरायेदार को भी असुविधा न हों। श्री विजयवर्गीय ने कहा कि शहरों में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के लिए बारात, जुलूसों आदि के लिए नियम बनाये जायेंगे। उन्होंने लोक निर्माण, गृह निर्माण मंडल, रेल्वे, विद्युत, दूरसंचार आदि से नगरीय क्षेत्रों में अपने विभागीय कार्यों को करने के पहले आयुक्त एवं महापौर से चर्चा करने के निर्देश दिये। जिससे सड़कों पर टूट-फूट होने को रोका जा सके।

राज्य मंत्री सुश्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि निकायों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये सभी ने सुझाव दिये है। सबके सहयोग से प्रदेश के सभी निकायों को सुंदर एवं स्वच्छ बनाते हुए विकास प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगें। पर्यावरण, अपशिष्ट प्रबंधन, सौर संयंत्र, जल संग्रहण, नदियों की स्वच्छता इत्यादि पर और बेहतर कार्य करना सुनिश्चित किया जायें। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने सौर ऊर्जा पर प्रेंजेंटेशन दिया। उन्होंने इसे वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। इससे ऊर्जा आत्मनिर्भरता में मदद मिल सकेगी।

प्रमुख सचिव नीरज मण्डलोई ने शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने शहरीकरण की आवश्यकता पर अपना प्रेंजेंटेशन दिया। शहरी जनसंख्या वर्तमान परिदृश्य में निरंतर बढ़ती जा रही हैं, प्रदेश में 2047 तक 50 प्रतिशत शहरीकरण होने की संभावना हैं। प्रदेश में निरंतर शहरीकरण हो रहा हैं। ग्रामीणों के शहरों में आने पर रोजगार, भोजन, आवास, यातायात, जैसी व्यवस्थाओं के लिए तैयारी करनी होगीं। सड़क, बिजली, पानी, जल-मल निकासी पर भी कार्य करना होगा। आयुक्त नगर तथा ग्राम निवेश श्रीकांत बनोठ ने शहरों में हॉस्टल एवं मैरिज गार्डन के लिए नियम बनाये जाने के साथ ÷नगर विकास योजना पर प्रेंजेंटेशन दिया।

# मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अटल गृह ज्योति योजना में दी 125 करोड़ से अधिक की सब्सिडी

**भोपाल (नप्र)** । ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली अटल गृह ज्योति योजना का मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में प्रभावी व पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन किया जा रहा है। पिछले एक माह के दौरान मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में 25 लाख 14 हजार रूपये से ज्यादा घरेलू उपभोक्ताओं को 125 करोड़ 83 लाख रूपए से अधिक की सब्सिडी दी गई है।

सबसे ज्यादा शिवपुरी जिले के उपभोक्ताओं को 11 करोड़ 47 लाख रूपए से अधिक की सब्सिडी दी गई है। वहीं दूसरे नंबर पर भिण्ड जिला रहा है, जहां 11 करोड़ 15 लाख से अधिक की सब्सिडी दी गई है। इसी तरह भोपाल जिले के उपभोक्ताओं को 11 करोड़ 5 लाख, हरदा के उपभोक्ताओं को 2 करोड़ 57 लाख, बैतूल जिले के उपभोक्ताओं को 9 करोड़ 56 लाख रूपए से अधिक की सब्सिडी दी गई है। यह सब्सिडी पिछले एक माह में घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को दी गई है। इसी तरह की सब्सिडी अन्य जिलों के घरेलू उपभोक्ताओं को भी प्रदान की गई है। इन उपभोक्ताओं के बिल पर सब्सिडी का स्पष्ट उल्लेख भी होता है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि दैनिक 5 यूनिट अधिकतम खपत एवं माह में 150 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ता इस योजना की पात्रता रखते हैं। इन्हें प्रथम सौ यूनिट तक बिजली 100 रूपए में दी जाती है। शेष 50 यूनिट का बिल मौजूदा टैरिफ की दर से तैयार होता है। तीस दिन में 150 यूनिट से ज्यादा खपत करने वाले उपभोक्ता को माह विशेष में सब्सिडी की पात्रता नहीं रहती है।



भोपाल। राजधानी के कई इलाकों में आज बारिश हुई।

# अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताओं का दूसरा दौर संपन्न



**जबलपुर।** श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय, महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल के संरक्षण एवं कुशल नेतृत्व में तथा श्री अमरेन्द्र कुमार, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी के मार्गदर्शन तथा निर्देशन में पश्चिम मध्य रेल, मुख्यालय, जबलपुर में दिनांक 18.07.2024 से 19.07.2024 तक अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताओ के द्वितीय दौर का आयोजन किया गया।

जिसके अंतर्गत दिनांक 18.07.2024 को प्रथम सत्र में हिंदी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता का तथा दूसरे सत्र में 'राजभाषा का प्रयोग-प्रसार के आधार स्तंभ - प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं सद्भावना' विषय पर हिंदी वाक् प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसी क्रम में दिनांक 19.07.2024 को 'भारतीय रेलः परिवहन व्यवस्था का मेरूदंड' विषय पर हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय सहित मंडलों, कारखानों, शेडों एवं प्रमुख स्टेशनों के कुल 54 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

हिंदी वाक् प्रतियोगिता में डॉ. हरिशंकर दुबे, शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ हिंदी साहित्यकार तथा श्री संजीव वर्मा 'सलिल' वरिष्ठ हिंदी साहित्यकार एवं श्री प्रज्ञेश निंबालकर, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस अवसर पर उपस्थित डॉ.हरिशंकर दुबे ने सरकारी कामकाज में सरल और संप्रेषणीय भाषा के प्रयोग पर जोर देने का आव्हान किया। वहीं संजीव वर्मा 'सलिल' ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी नई पीढ़ी विज्ञान एवं तकनीकी की शिक्षा भी हिंदी में ग्रहण करे इस प्रयोजन हेतु तकनीकी लेखन को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। श्री प्रज्ञेश निंबालकर ने अखिल रेल स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु कुछ मार्गदर्शी सिद्धांतों का उल्लेख किया एवं प्रतियोगिताओं में प्रस्तुतिकरण के समय रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। इस अवसर पर उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी तथा उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री महेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री राज रंजन श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी ने किया तथा श्री संतलाल मर्सकोले, राजभाषा अधिकारी, मुख्यालय ने उपस्थित अतिथिगणों, अधिकारियों एवं प्रतियोगिताओं में शामिल प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय सहित तीनों मंडलों तथा दोनों कारखानों में प्रतिवर्ष प्रथम दौर की हिंदी प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। द्वितीय दौर की इन तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अधिकारी/कर्मचारी अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताओं में पश्चिम मध्य रेलवे का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# गुरुपूर्णिमा - गुरु और शिष्य का सम्बन्ध पूर्णतया निष्काम व आध्यात्मिक है जो परस्पर श्रद्धा, समर्पण और उच्च शक्ति पर आधारित है : योग गुरु महेश अग्रवाल

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के संचालक योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि गुरु शब्द का शाब्दिक अर्थ है- उच्च चेतना के मार्ग में अवरोध पैदा करने वाले अन्धकार को दूर करने वाला; सूक्ष्म अन्धकार को और अशुभ वृत्तियों को नष्ट करने वाला। लेकिन भौतिक दृष्टि से गुरु शब्द का अर्थ है-एक आध्यात्मिक शिक्षक जो आध्यात्मिक जीवन के विषय में मार्गदर्शन देता है।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर योग केंद्र के साधकों द्वारा 21 जुलाई रविवार को सुबह 5~30 बजे सें 8 बजे तक सामूहिक योग साधना करते हुए सभी के लिये स्वास्थ्य, शांति मय प्रसन्न जीवन के लिये प्रार्थना एवं गुरुजनों का सम्मान किया जायेगा ।



## मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत क्षमता निर्माण नीति लागू करने में मप्र आगे

**भोपाल।** क्षमता निर्माण आयोग से मिले इनपुट को शामिल कर बनी क्षमता निर्माण नीति लागू करने में मध्य प्रदेश अग्रणी रहा है। सभी विभागों में क्षमता निर्माण इकाइयाँ स्थापित हो रही हैं, जो प्रशिक्षण की आवश्यकता का गहन विश्लेषण करने के बाद कैडर-वार क्षमता निर्माण योजनाएँ तैयार करेंगी। प्रत्येक विभाग क्षमता निर्माण प्रबंधकों की नियुक्ति करेंगे। उन्हें क्षमता निर्माण इकाइयों द्वारा सहयोग दिया जायेगा। क्षमता निर्माण प्रबंधकों द्वारा वार्षिक क्षमता निर्माण योजनाएं तैयार की जाएंगी।विभिन्न विभागों में कार्यरत जनशक्ति की दक्षता दर्शाने वाला एक डैशबोर्ड तैयार किया जा रहा है, जिससे माध्यम से मुख्यमंत्री कुशल कर्मचारियों की उपलब्धता की स्थिति जान सकेंगे। मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली एक समिति हर छह महीने में कर्मचारियों के प्रशिक्षण के संबंध में विभागों के प्रदर्शन पर निगरानी रखेंगे, जबकि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली क्षमता निर्माण परिषद सालाना इसकी निगरानी करेगी।आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी, भोपाल में आज विभिन्न विभागों में मिशन कर्मयोगी के क्रियान्वयन की स्थिति पर आयोजित कार्यशाला में यह जानकारी दी गई।मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों के कौशल को बढ़ाना और उनकी क्षमता में निरंतर सुधार करना है। कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। मध्य प्रदेश क्षमता निर्माण नीति के अनुसार पदोन्नति के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य होगा। क्षमता निर्माण नीति 2023 प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक विभाग में वेतन बजट का एक प्रतिशत अनिवार्य रूप से कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर खर्च किया जायेगा।

### कोलार के सर्वधर्म ब्रिज निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत

## कांग्रेस ने पीडब्ल्यूडी प्रमुख अभियंता से शिकायत की; बोले-स्पान के ज्वाइंट खुल गए

भोपाल। भोपाल के कोलार रोड स्थित कलियासोत नदी पर 5 करोड़ रुपए से बने ब्रिज के निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत हुई है। कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता आरके मेहरा से शिकायत की। कहा कि ब्रिज भ्रष्टाचार का शिकार हुआ है। ब्रिज के स्पान के ज्वाइंट खुल गए हैं। वहीं, सीमेंट क्रांकीट की परत भी उखड़ने लगी है।

कांग्रेस के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ समेत अन्य कांग्रेसियों ने जांच की मांग की। जिलाध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि शिकायत के बाद प्रमुख अभियंता मेहरा ने जांच के आदेश दिए हैं। तकनीकी समिति निरीक्षण कर जांच करेगी।

जांच कराकर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राठौड़ ने बताया, कोलार सिक्सलेन पर करोड़ों में बना नया सर्वधर्म पुल भी कमीशन का शिकार हो गया है। उद्घाटन होने के पहले ही सर्वधर्म कॉलोनी कोलार के नए ब्रिज के स्पान के ज्वाइंट खुल गए हैं। यह उखड़ने भी लगा है। इससे हादसा होने का खतरा है। इस ब्रिज से ट्रैफिक भी शुरू कर दिया गया है। जिलाध्यक्ष राठौड़ ने सिक्सलेन के साथ नए सर्वधर्म ब्रिज में भी भ्रष्टाचार हुआ है। जिसकी जांच करवाकर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

# प्रत्येक प्लेटफार्म पर होगी लिफ्ट एवं सेक्सेलेटर, 12 मीटर चैड़ा एफओबी, सलाहकार समिति की हुई पहली बैठक

**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। यात्रियों के लिए यह अच्छी खबर है कि जल्द ही प्रत्येक प्लेटफार्म पर लिफ्ट व एक्सेलेटर की सुविधा होगी। इससे विकलांग एवं वृद्धजनों को काफी सुविधा होगी। वहीं मौजूदा फुट ओवर ब्रिज की जगह 12 मीटर चैड़ा नया फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा, जिसे सीधे कार पार्किंग से जोड़ा जाएगा ताकि पार्किंग में वाहन खड़ी कर सीधे यात्री प्लेटफार्म तक पहुंच सकें। यह कार्य डेढ़ साल के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को संत हिरदाराम रेलवे स्टेशन पर रेलवे सलाहकार समिति की आयोजित पहली बैठक में अधिकारियों ने दी। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक राकेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति के सदस्य पार्षद अशोक मारन, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत महासचिव सुरेश जसवानी, शिक्षाविद आनंद सबधाणी के अलावा इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी माधव सिंह सिकरवार, विद्युत विभाग के एमएच परवेज, निरीक्षक रेलवे विनो



वर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन के बाहर जहां आलीशान 120 कारों के लिए बहुमंजिला पार्किंग काम्पलेक्स का निर्माण हो रहा है, वहीं धोबीघाट की तरफ मौजूदा क्वाटरों को तोड़कर वहां दुपहिया वाहनों के लिए निर्माण किया जाएगा इसके अलावा आटो स्टेण्ड के लिए भी प्रस्ताव मुख्यालय भेजा जाएगा। शिक्षाविद आनंद सबधाणी ने स्टेशन मार्ग पर अपनी तरफ से साजन सरिता कपड़े शाप के पास बड़ा बोर्ड अपनी तरफ से लगावाने की घोषणा की है।

**स्टेशन जाने के लिए हो वैकल्पिक मार्ग का निर्माण:** बैठक में सुरेश जसवानी ने पुलिस क्वाटर के समीप से वैकल्पिक मार्ग को विकसित करने पर जोर दिया, जिसके लिए तय किया गया कि रेलवे की तरफ से नगर निगम कमिश्नर को पत्र लिखा जाएगा। इसी तरह नर्मदा स्वीट हाउस से नया रास्ता बनाने एवं धोबी घाट मार्ग को भी विकसित करने का सुझाव दिया गया। स्टेशन मार्ग को अशोक मारण ने भी नाकाफी बताया।

संत हिरदाराम साहिब के कार्यो का हो चित्रण

बैठक में स्टेशन के हो रहे कायाकल्प के साथ ही बाहरी डिजाइन में स्वामी हिरदाराम साहिब के सेवा कार्यो से संबंधित चित्रण करने पर जोर दिया गया ताकि यहां जो भी यात्री आए उन्हें स्वामी के सेवा कार्यो की जानकारी के साथ उनका स्मरण भी हो सके।

## मानसून में इन 3 चीजों को खायें और इन 3 से करें परहेज़: डॉ. रोहिणी पाटिल

**भोपाल।** मानसून के आने से हम सभी को चिलचिलाती गर्मी से बड़ी राहत मिलती है लेकिन इस मौसम में सेहत की कुछ महत्वपूर्ण समस्यायें भी सामने आती हैं। मौसम बदलने और लगातार बारिश के कारण लोग अक्सर स्वास्थ्य की विभिन्न समस्याओं से गुजरते हैं। इन समस्याओं में डेंगू, टाइफाइड, पेट के संक्रमण, श्वसन-तंत्र की परेशानियाँ और त्वचा की दिक्कतें आदि शामिल हैं। मानसून का असर इम्युनिटी पर भी हो सकता है और ऐसे में संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेना जरूरी हो जाता है। एमबीबीएस और न्यूट्रीशनिस्ट डॉ. रोहिणी पाटिल बादाम, ताजे फल और मौसमी सब्जियों जैसे पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों को अपने रोजाना के आहार में शामिल करने की सलाह दे रही हैं। उनका कहना हैकि इन चीजों में जरूरी पोषक-तत्व होते हैं, जो न सिर्फ ऊर्जा बढ़ाते हैं, बल्कि इम्युनिटी को भी मजबूत करते हैं। इस लेख में डॉ. पाटिल ने मानसून के दौरान खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों के बारे में बताया है।

साथ ही उन्होंने ऐसे फूड से बचने की भी सलाह दी है जिन्हें मानसून में खाना नुकसानदेह हो सकता है। आइये इन आहारों पर एक नजर डालते हैं। अपनी जिन्दगी में छोटे-छोटे बदलाव करके आप एक बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। उदाहरण के लिये, रोजाना मुट्ठीभर बादाम खाने और नियमित व्यायाम करने से स्वस्थ जीवनशैली और संपूर्ण तंदुरुस्ती बनाये रखने में मदद मिल सकती है डॉ. रोहिणी पाटिल का कहना है कि आपको अपने रोजाना के आहार में बादाम को जरूर शामिल करना चाहिये, ताकि आपका शरीर अधिक स्वस्थ एवं प्रसन्न रहे। बेरीज़ और केला जैसे ताजे फलों में वह विटामिन और एंटीऑक्सीडेन्ट्स अच्छीङ्कखासी मात्रा में होते हैं, जो इम्युनिटी को मजबूत करने और पाचन में सहायता करते हैं। इनमें विटामिन सी और फाइबर प्रचुरता में होता है, यह स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देते हैं, कब्ज को रोकते हैं और संक्रमण का जोखिम कम करते हैं बदलते मौसम के साथ, अपने शरीर को आराम से और गर्म रखना महत्वपूर्ण हो जाता है। वेजीटेबल सूप आसानी से पच जाता है, शरीर को गर्म रखने में मदद करता है, इम्युनिटी बढ़ाता है और जरूरी हाइड्रेशन भी देता है।

# सिया कल्चरल सोशल वेलफ़ेयर समिति करेगी सुंदरकांड का पाठ

**भोपाल।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी,15 कस्तूरी रॉयल पार्क कटारा हिल्स में भव्य रूप से सिया कल्चरल सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मनाया जा रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार गुरु पूर्णिमा इस साल आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि 21 जुलाई 2024 रविवार के दिन है। सनातन धर्म के अनुसार गुरु का स्थान सर्वोपरि है। ज्ञान देने वाले तथा परमात्मा की प्राप्ति करवाने वाले मात्र गुरुदेव ही हैं, व्यक्ति को परिश्रम का फल बिना गुरु कृपा के मिलना संभव नहीं है. । जिस पर गुरुदेव की कृपा हो जाती है, परमात्मा स्वयं उस पर कृपा कर देते हैं। शास्त्रों में भी गुरु की महिमा के बारे में बताया गया है। ऐसा कहा जाता है कि जो साधक गुरु पूर्णिमा पर गुरु साधना,पूजन,ध्यान,धार्मिक अनुष्ठान इत्यादि करते हैं उन्हें सुख और शांति की प्राप्ति होती है। इस के साथ ही कभी न समाप्त होने वाला ज्ञान प्राप्त होता है। श्री रामचरितमानस में श्री तुलसीदास जी महाराज



ने गुरु वदना करते हुए कहा है।
बंदऊ गुरु पद कंज कृपा सिंधु नर रूप हरि
महामोह तम पुंज जासु वचन रवि कर निकर
... अर्थात मैं उन गुरु महाराज के चरण कमल की वंदना करता हूं, जो कृपा के समुद्र और न रूप में श्री हरि ही है,और जिनके वचन मोह रूपी घने अंधकार का नाश करने के लिए सूर्य सूर्य की किरण के समूह के समान है,उत्सव में सर्वप्रथम मानस मर्मज्ञ परम पूज्य ब्रह्मलीन स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज का पूजन किया जाएगा,स्वामी जी परम संत, विश्व विख्यात रामचरितमानस के मर्मज्ञ रहे हैं,आप अत्यंत सरल एवं सहज स्वभाव के रहे है तथा भगवान श्री सीताराम जी के अनन्य भक्त रहे हैं श्री स्वामी जी राम कथा के माध्यम से जनसाधारण में भक्ति भाव उत्पन्न करते रहे,श्री महाराज जी की प्रेरणा से ही सिया कल्चरल सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आध्यात्मिक महत्व के विशेष अवसरों पर श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है । तत्पश्चात श्री हनुमान चालीसा का पाठ एवं भजनों का गायन किया जाएगा अनुष्ठान का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण से किया जाएगा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रह्मलीन परम पूज्य स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज से दीक्षित श्री अयोध्या धाम से परम पूज्य श्री सूर्यानंद जी महाराज पधार रहे है श्री सूर्यानंद महाराज उच्च कोटि के संत एवं परम ज्ञानी साधक है।

# इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन ने इन्फ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा पर एक सेमिनार आयोजित किया

**भोपाल।** इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन (आईजैडए) ने भोपाल में इन्फ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा पर एक जानकारीवर्धक सत्र का आयोजन किया, जिसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर को ज़ंग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। कॉर्कोन इंस्टीट्यूट ऑफ कोरोज़न के मुताबिक विश्व में हर साल ज़ंग से 2.5 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होता है, यानी ज़ंग के कारण विश्व की जीडीपी को लगभग 3 से 4 प्रतिशत और भारत की जीडीपी को लगभग 4 प्रतिशत नुकसान होता है। इसलिए इन्फ्रास्ट्रक्चर को ज़ंग से बचाना बहुत आवश्यक है। भारत में जिंक के विशाल भंडार हैं। इसका उपयोग मुख्यत~ आर्किटेक्चर के क्षेत्र में होता है। निर्माण सामग्री के रूप में जिंक कई हरित लाभ प्रदान करता है, इसलिए यह सस्टेनेबल निर्माण परियोजनाओं के लिए बहुत उपयोगी है। जिंक का सबसे बड़ा गुण यह है कि यह टिकाऊ होने के साथ ज़ंगरोधी भी है।

जिंक और इसके ग्राहकों के लिए समर्पित एकमात्र औद्योगिक संगठन, आईजैडए ने इस बारे में जागरूकता बढ़ाने और जिंक के गैल्विनीकरण के लाभों के बारे में बताने के लिए %%इन्फ्रास्ट्रक्चर को ज़ंग से कैसे बचाएं विषय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिंक पर ज़ंग नहीं लगती। यह प्रमाणित हो चुका है कि इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर ज़्यादा टिकाऊ रहता है और उसकी उम्र बढ़ती है, जिससे इसके रखरखाव का खर्च कम आता है।

# सीएम डॉ. यादव एवं वीडी शर्मा के समक्ष जयस के संस्थापक महेन्द्र कन्नौज ने भाजपा की सदस्यता ली





**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा की उपस्थिति में जयस के संस्थापक श्री महेंद्र कन्नौज ने शुक्रवार को अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने श्री महेंद्र कन्नौज को पार्टी में शामिल किया एवं बधाई देते हुए कहा कि उनके अनुभवों का लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा और हम सब मिलकर देश-प्रदेश के विकास के लिए काम करेंगे।

**हम मिलकर आदिवासियों समेत हर वर्ग की बेहतरी के लिए काम करेंगेः डॉ. मोहन यादव–** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सदस्यता ग्रहण कराते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए विशेष दिन है। जयस के संस्थापक श्री महेंद्र कन्नौज अपने साथियों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन सरकार हर वर्ग के हित में काम कर रही है और इसी का परिणाम है कि हमने पहले मध्यप्रदेश में सरकार बनाई और फिर सभी 29 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बीते समय में जनता-जनार्दन के बीच भारतीय जनता पार्टी की पैठ और गहरी हुई है तथा हम राष्ट्रवादी सोच के नेताओं को पार्टी से जोड़ने का काम कर रहे हैं। श्री महेंद्र कन्नौज ने जयस में विभिन्न पदों पर काम किया है और उनके अनुभव का लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। आने वाले समय में हम मिलकर आदिवासियों समेत प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के हित के लिए काम करेंगे।

**पार्टी को मिलेगा महेंद्र कन्नौज के अनुभवों का लाभः श्री विष्णुदत्त शर्मा–** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने सदस्यता ग्रहण कराते हुए कहा कि श्री महेन्द्र कन्नौज ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बीते सालों में आदिवासी और गरीबों के कल्याण के लिए जो कार्य किए हैं, आदिवासी जननायकों को जो सम्मान दिया है, उससे प्रभावित होकर लगातार पार्टी से लोग जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार पिछले कई वर्षों से मध्यप्रदेश को स्वर्णिम बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। हम सभी मिलकर उसे पूरा करने के लिए आगे बढ़ेंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि श्री महेंद्र कन्नौज ने जयस में कई जिम्मेदारियों का निर्वाह किया है और वे जमीन पर काम करने वाले नेता रहे हैं। उनके अनुभवों का लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। मैं पार्टी की ओर से उन्हें बधाई देता हूं और स्वागत करता हूं।

### मुझे खुशी है कि मैं भाजपा का सदस्य बना हूंः महेंद्र कन्नौज

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए श्री महेन्द्र कन्नौज ने कहा कि मुझे खुशी है कि मैं उस पार्टी का सदस्य बन गया हूं, जिस पर सारी दुनिया भरोसा करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आदिवासी जननायकों का सम्मान किया है, आदिवासी संस्कृति को सहेजने का काम किया है। अब हम सभी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी, प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा जी के नेतृत्व में आदिवासियों समेत समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम करेंगे।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में जनपद सदस्य श्री गोकुल गिरवाल, सरपंच श्री चिंटू गिरवाल, श्री भूरेसिंह गिरवाल, श्री राजू कटारे, श्री रामेश्वर, श्री धर्मेन्द्र, श्री लक्ष्मण गिरवाल, श्री जितेन्द्र कटारे, श्री महेश दांगी, श्री राजेन्द्र कटारे, श्री प्रकाश गुर्जर सहित कई समर्थक शामिल है।

इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री व विधायक श्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री श्री जयदीप पटेल, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष उषा अग्रवाल एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश केसवानी उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया से

Suudesh Gour, सुदेश गौड़
@Gaursudesh001

@CMMadhyaPradesh @DrMohanYadav51 @BJP4MP @KailashOnline @JagdishDevdaBJP @rshuklabjp @akshat51 जिस प्रकार उप्र-उत्तराखंड सरकार ने कावड़ मार्ग पर सभी दुकानदारों को नेम प्लेट लगाने का निर्देश दिया है वैसा ही मध्य प्रदेश के सभी धार्मिक स्थान खास कर #उज्जैन में भी किया जाना चाहिए।

Translate post

10:27 · 20 Jul 24 · **2** Views

View post activity

## 11 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी व ईनामी वन्यप्राणी शिकारी अजीत पारधी

### स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स द्वारा गिरफ्तार

**भोपाल।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एसटीएसएफ ने बताया कि विगत 11 वर्षों से फरार चल रहे ईनामी व स्थाई वारंटी आरोपी अजीत पारधी को 18 जुलाई को लालबर्रा जिला बालाघाट से गिरफ्तार किया गया। आरोपी अपने निवास स्थान से फरार रहकर वन विभाग को चकमा दे रहा था। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी के लिये वन्यप्राणी मुख्यालय द्वारा 5000/- रूपये का ईनाम भी जारी किया गया था। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स लगातार आरोपी को पकडने का प्रयास कर रही थी। इन्टेजिलेन्स इनपुट के अनुसार एसटीएसएफ द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी अजीत को अपनी अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी के कब्जे से वन्यप्राणी पैंगोलिन के स्केल्स से बनी करधन बरामद की गई। वन्यप्राणी अवयव की जप्ती की जाकर अग्रिम विवेचना जारी है।

आरोपी श्री अजीत पारधी वन्यजीव बाघ व पेंगोलिन स्केल्स शिकार व तस्करी में आदतन आरोपी है। जिसके विरूद्ध सीबीआई अपराध न. आर.सी. 57 बी 2009 ई 0004 वर्ष 2009, नागपुर बाघ शिकार पीओआर न. 32/13 दि. 08.06.2013 उमरेड, नागपुर वनमंडल पीओआर न. 1/23 दि. 18.09.2013, उमरेड करंडला अभ्यारण पीओआर न. 1615/20 दि. 20.10.2013 प्रकरण देश के कई राज्यों में दर्ज है। आरोपी को मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी जबलपुर के समक्ष पेश किया जायेगा। प्रकरण में विवेचना जारी है।

## एम.पी. ट्रांसको में टेक्निकल नॉलेज शेयरिंग पर हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला

**भोपाल।** एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर में टेक्निकल नॉलेज शेयरिंग थीम पर कार्यशाला का दूसरा चरण संपन्न हुआ। इसमें प्रदेश के लगभग 25 असिस्टेंट एवं जूनियर इंजीनियर्स ने हिस्सा लिया। दो दिवसीय कार्यशाला के प्रारंभिक सत्र को संबोधित करते हुये एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि कार्यशाला के पहले चरण के सकारात्मक परिणाम मिले हैं। उन्होंने आहवान किया कि सीनियर्स कार्मिक संस्थान में कार्यरत दूसरी पीढ़ी के कार्मिकों से अपने अनुभव, ज्ञान और विशेषज्ञता को साझा करने की प्रेक्टिस डालें। उन्होंने कहा कि इससे एम.पी. ट्रांसको के नॉलेज शेयरिंग अभियान का उद्देश्य पूरा हो सके। प्रबंध संचालक ने कहा कि म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के उत्कृष्ट संचालन के लिये सैद्धांतिक नॉलेज के साथ प्रेक्टिकल नॉलेज भी बहुत जरूरी है, जिसे हासिल करने के बाद ही फील्ड में इंजीनियर्स दक्षतापूर्वक अपने नॉलेज और टैलेंट का उपयोग कर सकेंगे।

**प्रो-एक्टिव वर्क करें–** प्रबंध संचालक इंजी. तिवारी ने कार्यशाला में उपस्थित सभी इंजीनियर्स से आहवान किया कि वे अपने कार्य क्षेत्र के साथ अपने आसपास की दूसरी लाइनों/सब-स्टेशनों पर भी नजर रखें और जरूरत पड़ने पर प्रो-एक्टिव होकर वहाँ भी अपने से काम करने में रूचि दिखायें। अधीक्षण अभियंता श्री एम.वाय. मंसूरी, और अन्य विशेषज्ञ इंजीनियर्स ने इस कार्यशाला के सहभागियों को सबस्टेशन मेंटनेन्स, सबस्टेशन ऑपरेशन, ट्रांसमिशन लाइन मेंटनेन्स और विभिन्न एलिमेंटस की टेस्टिंग से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियां साझा की।

## नगरीय सुशासन - मानव अधिकार विषय पर आयोजित होगा म.प्र. मानव अधिकार आयोग का 30वां स्थापना दिवस समारोह

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, भोपाल का 30 वां स्थापना दिवस आगामी 13 सितम्बर, 2024 (शुक्रवार) को आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल के ऑडिटोरियम हाल में आयोजित होगा। मानव अधिकार आयोग के स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को बैठक में आयोग के अध्यक्ष श्री मनोहर ममतानी ने यह जानकारी दी। आयोग के अध्यक्ष श्री ममतानी ने आयोग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगरीय सुशासन-मानव अधिकार विषय पर आधारित स्थापना दिवस समारोह की तैयारियाँ समय पर पूर्ण कर ली जाये। उन्होंने कहा कि नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाए। श्री ममतानी ने कहा कि नगरीय सुशासन को मानव अधिकार से लिंक किया जाए। उन्होंने जनहित के मुद्दे को शामिल करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए कहा। श्री ममतानी ने बताया कि मानव अधिकार आयोग के स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि आवास एवं नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय रहेंगे।

## कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने किया मालखेड़ी रेशम केन्द्र का निरीक्षण



**भोपाल।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को नर्मदापुरम जिले के मालखेड़ी स्थित रेशम विकास एवं उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया। श्री जायसवाल ने रेशम उत्पादन में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने केन्द्र प्रभारी को उच्च कोटि का रेशम उत्पादन करने के निर्देश दिये। सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नरौलिया सहित जन-प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## एम्स भोपाल के अनुभव और सहयोग से स्वास्थ्य व्यवस्था सशक्त होगीः उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल





**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ) अजय सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। प्रो. सिंह ने एम्स भोपाल की उपलब्धियों तथा मध्य प्रदेश में आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदान प्रणाली को सशक्त करने के लिए एम्स भोपाल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने एम्स भोपाल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की एम्स भोपाल के अनुभव और सहयोग से स्वास्थ्य व्यवस्था और सशक्त होगी।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से एम्स भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के 500 से अधिक डॉक्टर एवं नर्सिंग अधिकारियों को आपातकालीन चिकित्सा संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रो. (डॉ) सिंह ने उप मुख्यमंत्री को एम्स भोपाल द्वारा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उठाए गए सुधारात्मक कदमों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. सिंह ने कहा कि एम्स भोपाल आपातकालीन चिकित्सा में लगातार उन्नत तकनीकी को सम्मिलित कर रहा है ताकि आपातकालीन स्थितियों में त्वरित इलाज सुनिश्चित किया जा सके।

**एम्स भोपाल सर्वश्रेष्ठ उभरते कॉलेजों की सूची में दूसरे स्थान पर–** प्रो. (डॉ) सिंह ने बताया कि एम्स भोपाल ने सर्वश्रेष्ठ उभरते कॉलेजों की सूची में दूसरा स्थान हासिल किया है। वर्ष 2000 में और उसके बाद स्थापित उच्चतम स्कोरिंग कॉलेजों में एम्स भोपाल को तीसरा स्थान प्राप्त है। मेडिकल कॉलेज की श्रेणी में एम्स भोपाल 2023 में 20वें स्थान से 2024 में 16वें स्थान पर पहुंच गया है।

## प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी नए आपराधिक कानून का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंः संभागायुक्त डॉ. शर्मा

### नए कानून संबंधी हुआ उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

**भोपाल।** प्रदेश में 1 जुलाई 2024 से नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, दंड संहिता प्रक्रिया के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और इंडियन एविडेंस एक्ट के स्थान पर अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम प्रभाव में आ गए हैं। पुलिस एवं प्रशासन के समस्त अधिकारी इनका अच्छी तरह अध्ययन कर लें, जिससे इनका जनहित में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। सभी कलेक्टर अपने-अपने जिलों में इस संबंध में प्रशिक्षण आयोजित करें।



संभाग आयुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा ने आज कमिश्नर कार्यालय में भोपाल संभाग के प्रशासन के अधिकारियों के नए कानून के संबंध में एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण को संबोधित किया। मास्टर ट्रेनर विधि अधिकारी पुलिस मुख्यालय श्री विजय बंसल, एडीपीओ मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी सुश्री सुचित्रा वर्मा तथा विधि अधिकारी पुलिस आयुक्त कार्यालय डॉ. मनीषा पटेल ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान एसीपी श्री अवधेश गोस्वामी, आईजी श्री अभय सिंह, भोपाल संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, एडीएम, एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कुछ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए!

प्रशिक्षण में बताया गया कि नए कानून नागरिक केंद्रित कानून है तथा इसमें मौखिक अथवा इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है। जीरो एफआईआर का भी प्रावधान है, अर्थात किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है। वहां से उसे संबंधित थाने को भेज दिया जाएगा। महिला पुलिस ही महिला पीड़िता की रिपोर्ट लिखेगी। पीड़ित और खबर देने वाले को एफआईआर की फ्री कॉपी दी जाएगी।

नवीन कानून में प्रौद्योगिकी का पूरा समावेश किया गया है। ई बयान, ई अटेंडेंस, ई रिकॉर्ड और ई एफआईआर का प्रावधान है। नए कानून पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण से बनाए गए हैं। अब छीना झपटी के मामलों को भी संज्ञेय और गैर जमानती अपराध माना गया है। राजद्रोह को देशद्रोह में परिवर्तित किया गया है। मॉब लिंचिंग में अधिकतम सजा मृत्यु दंड रखी गई है।

नए कानून में सत्य और शीघ्र न्याय को विशेष महत्व दिया गया है। अब सुनवाई शुरू होने के बाद 60 दिन में आरोप तय किए जाएंगे और उसके 90 दिन बाद अभियोजन की कार्रवाई शुरू करनी होगी। पुलिस की कार्रवाई में जवाबदेगी और पारदर्शिता को महत्व दिया गया है। तलाशी और जब्ती के दौरान वीडियोग्राफी को अनिवार्य कर दिया गया है।

**नए कानून के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्य–** भारतीय संसद द्वारा माह दिसंबर 2023 में तीनों प्रमुख आपराधिक कानून के स्थान पर नये कानून निर्मिति करने हेतु विधेयक पारित किए गए। उक्त विधेयकों को राष्ट्पति की अनुमति के बाद यह कानून 1 जुलाई 2024 से लागू चुके है।

भारतीय न्याय संहिता 2023 - यह अपराध विधि का प्रमुख कानून है, जो कि भारतीय दंड संहिता 1860 का स्थान लेगी। इसके अंतर्गत पहले की 511 धाराओं के स्थान पर 358 धाराए होंगी। इसमें 21 नए अपराध जोड़े गए है और 41 अपराधों में सजा की अवधि में परिवर्तन किया गया है।

## बेहतर प्लानिंग और आधुनिक टेक्नोलॉजी से संसाधनों का बेहतर उपयोग होता है सुनिश्चितः शुक्ल

**भोपाल।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि बेहतर प्लानिंग और आधुनिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से सुनियोजित, संवहनीय विकास होता है साथ ही संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होता है। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। देश को सुनियोजित रूप से आगे बढ़ने में सभी वर्गों के प्रबुद्धजनों का योगदान अहम है। हम सब मिलकर भारत को विश्व-गुरु बनायेंगे। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने भोपाल के होटल ताज में कंसल्टिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (सीईएआई) द्वारा ÷अर्बन मोबिलिटी एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी÷ विषय पर आयोजित सेमिनार का शुभारंभ किया।

उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि अधोसंरचनात्मक विकास के साथ कृषि और औद्योगिक क्रांति से नागरिकों की क्रय क्षमता में वृद्धि हुई है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में निरंतर विस्तार हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण को केंद्रित रख कर योजनाबद्ध रूप से विकास किया जा रहा है ताकि आगामी पीढ़ियाँ संरक्षित रहें। उप-मुख्यमंत्री ने सीईएआई द्वारा शहरों के सुनियोजित विकास के संदर्भ में आयोजित सेमिनार की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप से इस सेमिनार से महत्वपूर्ण तथ्य सामने आयेंगे जिनका उपयोग सरकार द्वारा दूरगामी विकास की योजना में किया जायेगा। सेमिनार में सांसद भोपाल श्री आलोक शर्मा, सीईएआई के प्रेसिडेंट श्री आरएस शर्मा सहित सीईएआई के पदाधिकारी, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, शोधकर्ता और छात्र उपस्थित थे।

### इंफ्रास्ट्रक्चर के दबाव को सीमित करने के लिए तकनीकी का युक्तिपूर्ण उपयोग करना होगा- सांसद श्री शर्मा

सांसद श्री शर्मा ने कहा कि जनसंख्या का दबाव और बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों से शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर में दबाव बढ़ता है, इस दबाव को सीमा में रखने के लिए आधुनिक तकनीकी का युक्तिपूर्ण रूप से उपयोग अहम है। इस दिशा में ट्रांसपोर्ट प्लानिंग बहुत महत्वपूर्ण विषय है, उन्होंने कहा कि सेमिनार में प्रबुद्धजनों के मंथन से निकले निष्कर्ष का उपयोग शहरी विकास में किया जायेगा। प्रेसिडेंट सीईएआई श्री आरएस शर्मा ने संगठन की संरचना और कार्यों की विधिवत जानकारी प्रदान की। सीईएआई के वाईस प्रेसिडेंट श्री जेवीएल नारायण ने सेमिनार के विभिन्न विषयों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की।

## पूर्व सीएम दिग्विजय ने सीएम मोहन यादव से चर्चा कर नर्सिंग छात्रों के लिये मांगा न्याय





**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास में मुलाकात की। पूर्व सीएम ने नर्सिंग घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री से की विस्तार से चर्चा। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को एक पत्र सौंपा। पत्र में वर्णित 5 बिंदुओं पर पूर्व सीएम की सीएम से विशेष रूप से चर्चा हुई। साथ ही उन्होंने इससे पहले नर्सिंग घोटाले के संबंध में प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के साथ जो पत्राचार किया था उसकी प्रति भी मुख्यमंत्री को सौंपी।

प्रिय डॉ. मोहन यादव जी,

मध्यप्रदेश में विगत वर्षों में हुए नर्सिंग कॉलेज घोटाले से आप पूर्ण रूप से परिचित है। राज्य विधानसभा में आपने मामले की सी.बी.आई. के माध्यम से निष्पक्ष जांच का भरोसा भी दिलाया है। उच्च न्यायालय के संज्ञान के साथ-साथ निर्देशों पर एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है।

आपको विदित है कि प्रदेश में नियम विरूद्ध खोले गये सैकड़ों नर्सिंग कॉलेज में हजारों की संख्या में छात्रों ने चिकित्सा सेवा में भविष्य बनाने के लिये प्रवेश लिया था। आज कई वर्षों से ये छात्र परीक्षा के आयोजन से लेकर परिणाम तक के लिये भटक रहे है। उन्हें अपना भविष्य धूमिल नजर आ रहा है। पीड़ित नर्सिंग छात्रों के भविष्य सीधे जुड़े कुछ बिन्दु निम्नानुसार हैः-

1. नर्सिंग छात्र-छात्राओं की परीक्षाओं के लंबे समय के बाद भी हजारों छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम जारी नहीं किए गए।
2. विश्वविद्यालय सत्र 2021-22, 2022-23 के छात्र छात्राओं की नामांकन की प्रक्रिया भी पूरी नहीं कर पाया। ऐसे में परीक्षा कब होगी यह कह पाना संभव नहीं है। छात्र 3-4 साल से फर्स्ट ईयर में ही है।
3. पी.एन.एस.टी. (प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट) 2022 शासकीय नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित करवाई गई थी जिसमें 66 हजार छात्राओं ने परीक्ष दी थी लेकिन परीक्षा परिणाम आज तक जारी नहीं किए गये।
4. 66 अपात्र नर्सिंग कॉलेजों के हजारों छात्र-छात्राओं को पात्र नर्सिंग कॉलेजों में शिफ्ट करने की प्रक्रिया तत्काल शुरु करना चाहिए।
5. सरकार की लापरवाही की वजह से लाखों नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के जो 3-4 साल बर्बाद हुए हैं उसके एवज में सरकार को छात्र-छात्राओं को फीस में छूट देनी चाहिए।

अतः मेरा आपसे निवेदन है कि राज्य सरकार को उपरोक्त बिन्दुओं पर छात्र-छात्राओं के हित में शीघ्र निर्णय लेकर राहत दी जाना चाहिये। कृपया समय-सीमा तय करते हुए नर्सिंग घोटाले के कारण परेशान होकर भटक रहे छात्रों के हित में निर्णय करने का कष्ट करें।

स म्पा द की य

# यूपी में उठापटक

लोकसभा चुनाव में देश का राजनीतिक नेतृत्व करने वाले उत्तरप्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन इस बार खराब रहा, और इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को निशाना बनाया जा रहा है। यूपी में अब सियासी उठापटक तेज होती दिख रही है। उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य सामने खड़े हैं। इंडिया में शामिल राजनीतिक पार्टियों ने यह दावा करना शुरू कर दिया है कि उत्तरप्रदेश में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। समाजवादी पार्टी के नेता तो यहां तक अटकलें लगा रहे हैं कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री पद से योगी आदित्यनाथ की छुट्टी हो सकती है।

असल में उत्तरप्रदेश में भाजपा को लगे झटके के बाद से लगातार यूपी के चुनाव परिणामों को लेकर मंथन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में उत्तरप्रदेश के भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को दिल्ली तलब किया गया। जहां उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भी लंबी चर्चा की। उन्होंने उत्तरप्रदेश में भाजपा के प्रदर्शन के बारे में विस्तृत ब्यौरा दिया और भाजपा की सीटें कम होने कारण भी बताए।

इसके साथ ही योगी के खिलाफ मुखर केशव प्रसाद मौर्य को भी दिल्ली बुलाया गया। कथित तौर पर तो उन्हें हिदायत दी गई कि वे योगी के खिलाफ न बोलें, लेकिन उन्होंने नड्डा से मुलाकात के बाद फिर एक्स पर ट्वीट करके संगठन को सत्ता से अहम बताते हुए फिर तीर छोड़ दिया। केवल एक लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद ही यूपी भाजपा के लिए सर्वाधिक समस्या वाला राज्य बन गया है, ऐसा लग रहा है। ऐसी कई हकीकतें निकलकर सामने आ चुकी हैं, जो चार चुनावों की सफलता के पीछे छिपी थीं। देश के सबसे सफल और ताकतवर समझे जाने वाले मुख्यमंत्री अधर में हैं। न उन्हें पता है, न उनके समर्थकों-विरोधियों को कि उनकी सत्ता कितने दिन और चलेगी। उनके दोनों उप-मुख्यमंत्री आजकल विरले ही कैबिनेट मीटिंगों में भाग लेते हैं। वे अमूमन दिल्ली में ही रहते हैं और आलाकमान के सम्पर्क में रहते हैं।

कुछ घटनाओं पर नजर डालें तो पता चलता है कि योगी की कमान ढीली होती जा रही है। हाथरस कांड के बारे में एक उप-मुख्यमंत्री ने सीएम के बजाय केंद्र के प्रतिनिधि बीएल संतोष को रिपोर्ट दी। नौकरशाही को संकेत मिल गया है कि सरकार की जमीन कमजोर हो गई है। इसलिए उसने कामकाज लगभग ठप कर दिया है। हालांकि स्वयं सीएम पर कोई आरोप नहीं हैं, लेकिन प्रशासन में सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार व्याप्त है। हार की समीक्षा को सीएम के दरवाजे पर ठीकरा फोड़ने का उपक्रम माना जा सकता है।

खबरें आ रही हैं कि अयोध्या में रामलला के मंदिर में दर्शनार्थियों का आगमन पहले के मुकाबले बहुत घट गया है। काशी-मथुरा की तो इस समय कोई चर्चा ही नहीं कर रहा। महीने-डेढ़ महीने में विधानसभा की दस सीटों पर उपचुनाव होने हैं। आम तौर पर उपचुनाव सत्तारूढ़ दल ही जीतता है, लेकिन यूपी भाजपा में इस समय इसकी गारंटी लेने का जोखिम उठाने के लिए कोई तैयार नहीं है। कहा जा रहा है कि इन दस सीटों के चुनाव में सीएम को खुला हाथ दिया जाएगा, ताकि अगर परिणाम खराब निकलें तो सीएम को हटाने की दलील और मजबूत बनाई जा सके। यही कारण है कि आक्रामक मुद्रा में रहने वाले योगी खोए-खोए से दिखाई देने लगे हैं।

राजनीतिक गलियारों में सवाल उठ रहा है कि क्या यह लोकसभा चुनाव में हुई पराजय का परिणाम है या इसकी भूमिका पहले से बन रही थी? यह सही है कि योगी अखिल भारतीय स्तर पर मोदी के बाद भाजपा के दूसरे सबसे बड़े 'स्टार प्रचारक' बनकर उभरे हैं और उनके समर्थकों ने पिछले चार-पांच साल में उन्हें प्रधानमंत्री पद का दावेदार बताने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। और सही बात तो यह है कि इसी दावेदारी के चलते लोकसभा चुनाव से पहले ही योगी को केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से कमजोर करने के प्रयास शुरू कर दिए गए थे।

लोकसभा चुनावों की बात करें तो एक तो टिकट को लेकर योगी को झटका दिया गया। दूसरे, चुनावों में पूरी बागडोर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाथ में रही। सारा प्रबंधन उन्होंने ही किया। राजपूतों मतदाताओं में नाराजगी थी, तो उन्हें समझाने का दायित्व योगी को देने के बजाय स्वयं गृहमंत्री ने ही यह जिम्मेदारी उठाई।

आलाकमान को लग रहा था कि जब मोदी के नाम पर ही जीत हासिल होना है तो योगी को ताकतवर करने से क्या फायदा? और असलियत यह है कि यूपी की सत्ता की बागडोर पूरी दृढ़ता से कभी योगी के हाथ में नहीं रही। 2017 में सीएम बनने के बाद से योगी को अपनी पसंद के अफसर नियुक्त करने और अपने मन से टिकट बांटने की छूट शायद ही कभी मिली हो। ज्यादातर अवधि में प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक उनसे पूछकर कभी नहीं रखे गए। लगातार दो उप-मुख्यमंत्री सत्ता का दूसरा केंद्र बने रहे। उनकी सीधी डोर आलाकमान में बैठे 'चाणक्य' से जुड़ी रही। और सत्ता का तीसरा केंद्र संघ की तरफ से नियुक्त कराए गए कारकुनों के पास रहा। तबादलों और ठेका-कांट्रेक्ट वगैरह के फैसले उनके द्वारा किए जाते रहे। सत्ता का चौथा केंद्र पीएमओ में रहा। यानी यूपी में सत्ता शुरू से ही बहुकेंद्रीय रही है।

और सही बात तो यह है कि योगी इस स्थिति के प्रति कभी सहज नहीं रहे। शिकायत करने के लिए उनके पास केवल दो ठिकाने थे। या तो वे सीधे प्रधानमंत्री से अपनी व्यथा कह सकते थे या सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत से गुहार लगा सकते थे। मोदी से वे शिकायत कर चुके हैं कि पंचायत चुनावों में भी उनकी नहीं सुनी गई। और एक सच यह भी है कि सरसंघचालक की भी बात भाजपा में कम ही सुनी जा रही है।

कुल मिलाकर यूपी भाजपा में अंदरूनी कलह तेज ही होती दिख रही है और साफ तौर पर लग रहा है कि योगी के खिलाफ नेताओं को हवा दी जा रही है। सपा और कांग्रेस को इसका कितना फायदा मिलेगा, यह तो वक्त बताएगा, लेकिन फिलहाल आने वाले चुनावों को लेकर भाजपा पिछड़ती जरूर दिख रही है। और ये हालात हिंदी प्रदेशों में समीकरण भी बदल सकते हैं।

# ओली की सत्ता



**ब्रह्मदीप अलूने**

नेपाल के प्रधानमंत्री ओली ने सार्वजनिक रूप से कई बार कहा है कि ईश्वर का अस्तित्व नहीं है और अगर कभी कोई ईश्वर रहा है तो वो सिर्फ कार्ल मार्क्स थे। 2018 में प्रधानमंत्री बनते ही ओली ने वह सब कुछ किया जिसकी इस धार्मिक और सनातन परम्परा में विश्वास करने वाले देश में कल्पना भी नहीं की गई थी। ओली को अपनी कम्युनिस्ट पहचान मजबूत करने और चीन के साथ खड़े दिखने का इतना उतावलापन था कि उन्होंने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते हुए ईश्वर का नाम लेने से इंकार कर दिया,यह बुद्द और विष्णु की भूमि के लिए बेहद अप्रत्याशित घटना थी। इसके बाद भारत के प्रधानमन्त्री जब नेपाल गये तो पीएम मोदी ने जनकपुर में पूजा की लेकिन ओली ने नहीं की। ओली यहीं नही रुके उन्होंने चीन के इशारे पर नेपाल का अपना नया नक्शा जारी कर भारतीय क्षेत्रों कालापानी,लिम्पियाधुरा और लिपुलेख को शामिल कर अपने देश के इलाके बताएं,राम जन्मभूमि को नेपाल में ही बताया और चीन के लिए अपने देश के दरवाजे खोल दिए। ओली ने सत्ता में रहते भारत और नेपाल के सम्बन्धों को प्रभावित करने के लिए धार्मिक,ऐतिहासिक और सामरिक रूप से तथ्यों को उलट पुलट कर भारत से सीमा विवाद को बढ़ाया और इसे राष्ट्रीय अस्मिता से जोड़ दिया। चीन की यात्रा की और उन्होंने चीन के साथ ट्रेड एंड ट्रांसपोर्टेशन अग्रीमेंट यानी व्यापार और परिवहन समझौता कर लिया। ओली का यह कदम भारत को चुनौती देने वाला रहा और यहीं से भारत और नेपाल के कूटनीतिक रिश्ते भी प्रभावित हुए बिना न रह सके।

ओली के भगवान कार्ल मार्क्स चीन में भी पूजे जाते है। चीन नेपाल में अनेक परियोजनाएं आक्रामक ढंग से शुरू की है। उसने तिब्बत से सीधी सड़क भारत के तराई क्षेत्रों तक बनाया,रेल मार्ग नेपाल की कुदारी सीमा तक बनाया,नेपाली कम्युनिस्ट और माओवादी गुटों को आर्थिक और सैनिक मदद से चीन का समर्थन और आम नेपालियों में उनके द्वारा भारत विरोधी भावनाएं भड़काने की साजिशें रची गयी। ओली की चीन परस्त और भारत विरोधी नीतियों के कारण चीनी सामानों की नेपाल के रास्ते भारत में डम्पिंग,माओवादी हिंसा के जरिये नेपाल से आंध्र तमिलनाडू तक रेड कॉरिडोर में भारत को उलझाएं रखना,पाक की खुफिया एजेंसी आई.एस.आई का नेपाल में लगातार गतिविधियां,तस्करी और आतंकवादियों का भारत में प्रवेश सुलभ हुआ है।

कार्ल मार्क्स की दो किताबों कम्युनिस्ट घोषणा पत्र और दास कैपिटल ने दुनिया के कई देशों और करोड़ों लोगों पर राजनीतिक और आर्थिक रूप से निर्णयात्मक असर डाला है। कम्युनिस्ट घोषणापत्र में मार्क्स ने पूंजीवादी समाज में वर्ग संघर्ष की बात की है और बताया है कि कैसे अंततः संघर्ष में सर्वहारा वर्ग पूरी दुनिया में बुर्जुआ वर्ग को हटाकर सत्ता पर कब्ज़ा कर लेगा। कार्ल मार्क्स ने धर्म को जनता के लिए अफ़ीम के रूप में वर्णित किया है। कम्युनिज्म धर्म को नहीं मानता और बुद्ध की विचारों में सनातन धर्म की समानता निहित है।

ओली नेपाल को चीन जैसा बना देना चाहते है और भारत के लिए मुश्किल यह है कि नेपाल के सांस्कृतिक इतिहास और परम्पराओं में सनातन धर्म और बुद्ध की मान्यताओं के चलते उसकी भारत से निकटता खत्म नहीं होने दे। ओली के भगवान मार्क्स,भारत के आंतरिक सुरक्षा के सबसे बड़े खतरें नक्सलियों के भी आदर्श पुरुष है। भारत के मध्य,दक्षिणी और पूर्वी भागों को मिलाकर बना रेड कॉरिडोर ओडिशा,बिहार,छत्तीसगढ़ और झारखंड में प्रमुख रूप से केंद्रित 11 राज्यों को कवर करता है। नेपाल से शुरू हुए इस गलियारें में नेपाल की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण है। नेपाल ने इस क्षेत्र के लड़ाकों के साथ हथियारों,रणनीतियों और प्रशिक्षण योजनाओं और कई अन्य सामरिक हथियारों का भी खूब आदान प्रदान किया है। ओली माओवादी संगठन से जुड़े हुए है और वे हिंसा के चलते नेपाल की जेल में भी रह चूके है। चीन से बने हुए हथियारों के जरिए नक्सली भारतीय सुरक्षाबलों को हमलें करते है। नक्सली हिंसा का इतिहास लम्बा है और भारतीय सरकार इसे खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। नेपाल और भारत करीब अठारह सौ पचास किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा साझा करते है,जिससे भारत के पांच राज्य सिक्किम,पश्चिम बंगाल, बिहार,उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड जुड़े हैं। दोनों देशों की सीमाओं से यातायात पर कभी कोई विशेष प्रतिबंध नहीं रहा। सामाजिक और आर्थिक विनिमय बिना किसी गतिरोध के चलता रहता है। भारत नेपाल की सीमा खुली हुई है और आवागमन के लिये किसी पासपोर्ट या वीजा की जरूरत नहीं पड़ती है।

भारतीय सेना की इन्फ़ेंट्री में सिख, गढ़वाल, कुमाऊं, जाट, महार, गोरखा, राजपूत समेत 31 रेजिमेंट हैं। गोरखा रेजिमेंट से चीन भी डरता है क्योंकि भारत चीन तनाव में गोरखा चीन को भौगोलिक रूप से ज्यादा चुनौती देते है। पहाड़ी और पर्वती इलाकों में गोरखा रेजिमेंट भारतीय सेना की ताकत में इजाफा करती है। पिछले कुछ सालों में चीन ने यह जानने में दिलचस्पी दिखाई है कि आखिर नेपाली गोरखा भारतीय सेना में जाना क्यों पसंद करते है। भारतीय सेना में नेपाली गोरखाओं का स्थान इतना उच्च है कि पाकिस्तान और चीन से लड़ाई में गोरखा रेजिमेंट के बलिदान को सदैव याद किया जाता है। वर्तमान में हर वर्ष लगभग बारह सौ से तेरह सौ नेपाली गोरखे भारतीय सेना में शामिल होते है। गोरखा राइफल्स में लगभग 80 हजार नेपाली गोरखा सैनिक हैं,जो कुल संख्या का लगभग 70 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त रिटायर्ड गोरखा जवानों और असम राइफल्स में गोरखों की संख्या करीब एक लाख है। भारतीय सेना से रिटायर्ड नेपाली गोरखाओं की तादाद तकरीबन एक लाख पैतीस हजार है। इनकी सैलरी और पेंशन मिला दें तो यह रक़म 62 करोड़ डॉलर है। यह नेपाल की जीडीपी का तीन फ़ीसदी है। दूसरी तरफ़ नेपाल का रक्षा बजट महज़ 43 करोड़ डॉलर है।

यानी नेपाल के रक्षा बजट से ज़्यादा भारत से नेपाली गोरखाओं को हर साल सैलरी और पेंशन मिल रही है। अग्निवीर योजना का नेपाल में विरोध हो रहा है। भारत भी इसे लेकर आशंकित हो सकता है की ओली कहीं चीन में गोरखाओं की भर्ती को लेकर कोई समझौता नहीं कर लें। बहरहाल ओली के भगवान कार्ल मार्क्स,नक्सलियों से उनके संबंध और चीन परस्त नीतियां भारत को आशंकित करती है। उनका नेपाल की सत्ता में राजनीतिक रूप से मजबूत होना भारत की परेशानियां बढ़ा सकता है।

### 21 जुलाई स्वर्गीय गीतकार आनंद बक्शी जन्म दिवस विशेष

# कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम कहना...



**गोपाल कृष्ण छिब्बर**

फिल्मी दुनिया में 2 नायब गीतकार रावलपिंडी ( अब पाकिस्तान) में जन्मे एक कवि गीतकार शैलेन्द्र ओर दूसरे आनंद बक्शी जिनका आज जन्म दिवस है।

आनंद बक्शी पहले मूलतः फौजी थे परन्तु कविता , शायरी से उनका लगाव उत्पन्न हो गया सेना की नोकरी के दौरान ही रेडियो पर गीत सुनकर फिल्मों में गीत गाने एवम गीतकार बनने की चाहत उन्हे बम्बई खींच लाई। फौज की नौकरी छोड़ी लंबा संघर्ष किया कुछ फिल्मों में एक, दो गीत लेखन का अवसर मिला और आखिर कार जब जब फूल खिले फिल्म के सारे गीत लिखे जो सुपर हीट हो गए और सफलता ने उनके द्वार खोल दिए।

स्वर्गीय गीतकार आनंद बक्शी ने 1970 के दशक में सर्वाधिक फिल्मों में गीत लिखे तब वो लोकप्रियता के शीर्ष पर थे बिनाका गीत माला में सबसे ज्यादा गीत लोकप्रिय हो रहे थे उस समय अभिनेता जीतेंद्र की फिल्में हीट हो रही थी राजेश खन्ना सुपर स्टार थे संगीत में लक्ष्मीकांत प्यारेलाल , आर डी बर्मन और कल्याणजी आनंदजी का ही संगीत धूम मचा रहा था लेकिन इन सबके साथ एक नाम चर्चित था गीतकार आनंद बक्शी जी का जिनकी सबसे अधिक मांग थी।

कल्याणजी आनंद जी के साथ ही उनकी प्रारंभिक सफलता जब जब खुल खिले, फूल बने अंगारे, हिमालय की गोद में, राजा साहब, मेरे हमसफर ,गीत आदि फिल्मों से लोकप्रियता हासिल हो चुकी थी तब शक्ति सामंत ने आराधना के गीत आनंद बक्शी से लिखवाए जबकि एस. डी .बर्मन संगीतकार थे आराधना के सभी गीत सुपर हीट हुवे और शक्ति सामंत के स्थाई गीतकार बन गए फिल्म अमर प्रेम आनंद बक्शी के केरियर की सर्वोत्तम फिल्म थी जिसमे उनकी प्रतिभा और दार्शनिक अंदाज देखने भी मिला।



चिंगारी कोई भड़के और सावन उसे बुझाए और कुछ तो लोग कहेंगे लोगो का काम है कहना गीत रचकर महिला सशक्तिकरण का गजब संदेश दिया जो आज समाज सामाजिक विषमताओं से लड़ने का ब्रह्म वाक्य है ।

1970 के बाद आनंद बक्शी का ही बोल बाला रहा राजेश खन्ना की पहली पसंद के गीतकार आनंद बक्शी उनकी सर्वाधिक फिल्मों के गीत आनंद बक्शी ने लिखे इसी तरह धर्मेंद्र एवम् जितेंद्र की अधिकांश फिल्मों में गीत आनंद बक्शी ने लिखे।

आनंद बक्शी ने सर्वाधिक गीत लक्ष्मीकांत प्यारेलाल की जोडी के साथ 302 फिल्मों में गीत रचना की इसमें उल्लेखनीय पहलू यह है कि लक्ष्मी प्यारे को सात फिल्मफेयर अवार्ड मिले जिसमें जीने की राह, मिलन , सत्यम शिवम सुंदरम (कुछ गीत), अमर अकबर एंथोनी ,कर्ज सरगम, 6 फिल्मों के गीत आनंद बक्शी ने लिखे थे ।

परंतु उन्हें फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए अनदेखा किया गया लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के साथ उनकी 25 फिल्मे फिल्म फेयर अवार्ड के लिए नामांकित हुई थी जो लोकप्रियता का प्रमाण है।

संगीतकार आर. डी बर्मन के भी पसंदीदा गीतकार आनंद बक्शी रहे उनका कहना था कि बक्शी जी के गीतों में धुन बनाना आसान रहती है जिनके साथ 99 फिल्मों के गीत आनंद बक्शी ने लिखे अमर प्रेम, कटी पतंग अजनबी , बालिका वधु, जवानी दीवानी और आपकी कसम के मधुर गीत आनंद बक्शी ने ही रचे।

निर्माता निर्देशक यश चोपड़ा ने साहिर लुधियानवी के मृत्यु के पश्चात पहली प्राथमिकता आनंद बक्शी को देकर चांदनी, डर , लम्हे, दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे , दिल तो पागल है, मोहब्बते आदि अनेक फिल्मों में बक्शी जी से गीत लिखवाए जो बहुत लोकप्रिय हुवे।

सुभाष घई के भी आनंद बक्शी प्रिय गीतकार रहे कर्ज, खलनायक कर्मा हीरो, गौतम गोविंदा, रामलखन, परदेस मेरी जंग, ताल, सौदागर, यादें आदि फिल्मों के लोकप्रिय गीत भी आनंद बक्शी की कलम का कमाल था।

फिल्म जूली के सभी गीत आनंद बक्शी ने लिखे बहुत पापुलर हुवे संगीतकार राजेश रोशन को फिल्मफेयर पुरस्कार मिला इसी तरह संगीतकार उत्तमसिंग को फिल्म दिल तो पागल है के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार मिला सभी गीत आनंदबक्शी ने लिखे जो आज भी लोकप्रिय है परंतु बक्शीजी को गीत लेखन पर पुरस्कार नही मिला जो विचार का विषय है।

मनमोहन देसाई, जे ओमप्रकाश, मोहन कुमार जैसे बड़े बैनर की अधिकांश फिल्मों में आनंद बक्शी ने ही गीत लेखन किया जो उनकी लोकप्रियता का प्रमाण है आनंद बक्शी जो का 32 बार फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकन हुवा परंतु फिल्म अपनापन के गीत आदमी मुसाफिर है आता है जाता है, फिल्म एक दूजे के लिए के गीत तेरे मेरे बीच कैसा है बंधन अनजाना, फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे का गीत, तुझे देखा तो ये जाना सनम प्यार होता है दीवाना सनम और फिल्म ताल के गीत, इश्क बिना क्या जीना यारो, कुल चार फिल्मफेयर ट्राफी प्राप्त कर सके ।

आनंद बक्शी ने 640 फिल्मों में 3500 से भी अधिक सबसे अधिक संगीतकारों के साथ काम करके लिखे जो रिकॉर्ड है।

आनंद बक्शी सादगी पसन्द और फिल्मी दुनिया की चकाचौंध से दूर रहे सरल आम चलन के शब्दों में गीत लिखने में महारथी थे बक्शी जी हरफनमौला थे उन्होंने कव्वाली, हास्य गीत, भजन, देशप्रेम के गीत, लोक गीत तो लिखे ही उनके दार्शनिक गीत भी प्रेरक है फिल्म आपकी कसम का गीत जिंदगी के सफर में गुजर जाते हैं जो मकाम वो फिर नही आते और फिल्म विधाता का गीत हाथों चंद लकीरों का ये खेल है तकदीरों का, इसका प्रमाण है।

फिल्म हरे राम हरे कृष्ण का गीत देखो ओ दीवानी तुम ये काम न करो राम का नाम बदनाम ना करो, बक्शी जी के अध्यात्म ज्ञान को भी प्रदर्शित करता है अनेक गीत है सबका उल्लेख करना संभव नहीं है आज भी टीवी रीयल्टी शो में आनंदबक्षी जी के ही अधिकांश गीतों का उपयोग हो रहा है उनके गीतों के मुखड़े के नाम के धारावाहिक है अनेकों गीतों की यादें छोड़कर 30 मार्च 2002 को हमसे जुदा हो गए।

# फ़िल्म उद्योग की फ़िल्मी कहानी



**राकेश दुबे**

यूँ तो भारत दुनिया में सबसे बड़े पैमाने पर फिल्म बनाता है और यहां वर्ष 2023 में करीब 1,800 फिल्में रिलीज हुई।अधिकांश वर्षों में फिल्म की संख्या 1,700 से 1,900 तक होती है । ऐसे में सवाल यह है कि इन 1,800 फिल्म में से कितनी फिल्म के रिलीज के लिए बेहतर सप्ताहांत मिल पाएगा, उन्हें दर्शक मिल पाएंगे और वे कमाई कर पाएंगी?

52 सप्ताहांत में कई सप्ताहांत के दौरान बड़ी इवेंट जैसे कि क्रिकेट मैच, चुनाव, परीक्षाएं या फिर छुट्टियों को निकाल दें। इस तरह फिल्म रिलीज के लिए करीब 40 सप्ताहांत बचते हैं। अगर वर्ष 2023 में रिलीज हुई 1,800 फिल्म को 40 हफ्तों में बांट कर देखें तब हर हफ्ते 45 फिल्म रिलीज हो रही हैं।

फिल्म के सबसे विकसित बाजार हॉलीवुड, में एक वर्ष में औसतन 500-600 फिल्म रिलीज होती हैं, लेकिन यहां भी इसी तरह की दिक्कत दिखती है। इस साल अच्छे सप्ताहांत की होड़ में एड शीरन, लोलापलूजा, वीर दास और कई अन्य प्रदर्शनों के साथ लाइव इवेंट का उभरता बाजार भी जुड़ गया और इस तरह के शो सप्ताहांत के दौरान ही होते हैं। इसके अलावा 10 हफ्ते से अधिक समय तक चलने वाला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और करीब सात हफ्ते से अधिक समय तक चलने वाले आम चुनाव का आयोजन भी इसमें शामिल है। इस वजह से इस साल भारत के कई बाजारों में फिल्म रिलीज करने के लिए 30 सप्ताहांत से भी कम का समय बचा था।

यह सिर्फ फिल्म के बारे में नहीं है बल्कि फिल्म रिलीज करने के लिए उपयुक्त समय के सवाल का ताल्लुक पूरे 2.3 लाख करोड़ रुपये के मीडिया एवं मनोरंजन कारोबार के लिए विचारणीय है। फिल्म की हिस्सेदारी 19,700 करोड़ रुपये के कुल राजस्व (बॉक्स ऑफिस, स्ट्रीमिंग एवं टीवी सहित) के साथ महज 8.5 प्रतिशत है। यह बात भी उजागर होती है कि फिल्म, शो, इवेंट, वीडियो की लगातार अधिकता आर्थिक बाधाएं भी ला रही हैं।

फिल्म की पहचान या उसे खोज कर देखे जाने की समस्या का समाधान किसी फिल्म के लिए रिलीज होने के लिए उपयुक्त समय (विंडो) का सवाल महत्त्वपूर्ण हो जाता है। अगर किसी फिल्म की ओपनिंग किसी खाली सप्ताहांत में होती है तब इसके सफल होने का मौका होता है और यह आर्थिक रूप से या समीक्षकों के लिहाज से भी महत्त्वपूर्ण हो जाता है।

अगर कोई चीज देखी या सुनी नहीं जाती है तब इसके कमाई करने की संभावना खुद ब खुद कम हो जाती है। इस चुनौती का सामना संगीतकार, अभिनेता और लेखक कर रहे हैं, भले ही उनका काम बढ़ रहा है लेकिन उनकी आमदनी नहीं बढ़ती है।

इसके अलावा व्यवस्थित तरीके से फिल्म के रिलीज कैलेंडर का सवाल भी बना हुआ है। अगर फिल्म पूरे वर्ष एक नियमित अंतराल पर रिलीज होती रहें तब थियेटर और इससे जुड़े तंत्र में पैसा पर्याप्त रूप से बना रहेगा। अप्रैल और मई में आईपीएल और चुनाव के चलते 'कल्कि' सहित कई फिल्म की रिलीज टाल दी गई। इस वजह से सिनेमाघरों में दिखाने के लिए बेहद कम विकल्प बचा।

फिल्म उद्योग के जानकारों का मानना है कि अगर फिल्म को ओटीटी पर रिलीज नहीं किया गया होता तब तो सिनेमाघरों के जरिये ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 120-130 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर लेती। हालांकि फिल्म निर्माण के दौरान ही स्ट्रीमिंग कंपनियों के साथ कई करार हो जाते हैं क्योंकि फिल्म निर्माताओं को कार्यशील पूंजी की जरूरत होती है इसलिए रिलीज की तारीखें अनुबंध का हिस्सा होती हैं।

यह केवल फिल्म के बारे में नहीं है। इंटरनेट और सोशल मीडिया के लोकतंत्रीकरण ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। इसी वजह से दुनिया भर में शो, फिल्में और वीडियो की भरमार है। हमारे पास 'सामग्री'का अंबार है लेकिन इन्हें देखने के लिए हमारे पास केवल 24 घंटे का ही वक्त है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

## संभाग आयुक्त ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधा रोपण



नर्मदापुरम। संभाग आयुक्त के जी तिवारी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को प्रातः 6.30 बजे कमिश्नर परिसर में बरगद के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर सभी संभागीय अधिकारियों ने आम , इमली नींबू , अमरूद , नीम, मीठी नीम, जामुन , पपीता, के पौधों का रोपण किया । इस अवसर पर अपर आयुक्त आर पी सिंह जादौन , संयुक्त उपायुक्त विकास जी सी दोहर सहित संभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे । नर्मदा पुरम संभाग आयुक्त के जी तिवारी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को प्रातः 6~30 बजे कमिश्नर परिसर में बरगद के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर सभी संभागीय अधिकारियों ने आम , इमली नींबू , अमरूद , नीम, मीठी नीम, जामुन , पपीता, के पौधों का रोपण किया । इस अवसर पर अपर आयुक्त आर पी सिंह जादौन , संयुक्त उपायुक्त विकास जी सी दोहर सहित संभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

## अजय चौरड़िया कांग्रेस पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित



भोपाल। इंदौर के अजय चौरड़िया को प्रदेश कांग्रेस द्वारा 6 वर्ष के लिए निष्कासित किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि विगत दिनों चौरड़िया द्वारा पार्टी के प्रति अनुशासनहीनता की गई थी। अनुशासनहीनता करने के कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस देकर जबाव चाहा गया था,, किंतु चौरड़िया द्वारा संतोषजनक जबाव प्राप्त नहीं होने के कारण कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें 6 वर्ष के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया वृक्षारोपण



दमोह । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर %एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान पूरे देश भर में संचालित हो रहा है। दमोह में मध्य प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने जहां एक और वृक्ष लगाएं, वहीं दूसरी ओर वन संरक्षण एवं कूपों के उपचार से संबंधित कार्यशाला को संबोधित भी किया। दमोह जिले के भैसा घाट में आयोजित कार्यशाला में दमोह जिले के वन मंडल क्षेत्र की सभी अधिकारी और कर्मचारियों की इस अवसर पर उपस्थिति रही। आयोजन के संबंध में वन मंडल अधिकारी महेंद्र सिंह उईके ने जानकारी दी और मंत्री अहिरवार का स्वागत किया। वहीं दूसरी ओर दमोह रेंज के अंतर्गत आने वाले विसनाखेड़ी ग्राम में वन क्षेत्र में पीपल और बरगद के पौधे का रोपण किया। दमोह रेंजर विक्रम सिंह चौधरी ने राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार का स्वागत किया। ज्ञात हो कि विसना खेड़ी ग्राम वन क्षेत्र में 67 हजार पौधों को रोपित किया गया था, जो आज वृक्ष बनते जा रहे हैं जिसको देखकर वन राज्य मंत्री अहिरवार प्रसन्न हुए और दमोह वन मंडल अधिकारी महेंद्र सिंह उईके एवं सहयोगी स्टाफ की सराहना की।

# पाइप गैस कनेक्शन काटने का झांसा देकर 8 लोगों से सवा 4 लाख हड़पे



इंदौर। अवंतिका पाइप गैस एजेंसी के 8 उपभोक्ताओं के साथ बिल नहीं भरने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी हुई। सभी को कनेक्शन काटने का झांसा देकर सवा 4 लाख रुपए ऐंठ लिए। गैस कनेक्शन धारकों को मोबाइल पर मैसेज भेजा गया था। पुलिस की तमाम समझाइश और एडवाइजरी जारी करने के बावजूद लोग ठगों की बातों में आकर अपना पैसा गंवा रहे हैं।

अवंतिका गैस कनेक्शन काटने का झांसा देकर ठगी के कई मामले क्राइम ब्रांच के पास पहुंचे हैं। मोबाइल पर एपीके फाइल डाउनलोड कराकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया। इसके चलते पीड़ित के मोबाइल का एक्सेस ठगों के पास पहुंच जाता है और वे आसानी से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर खाते से रुपए निकाल लेते हैं।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि ठग लोगों के मोबाइल पर मैसेज करके बताते है कि आपके बिल का भुगतान अपडेट नहीं हुआ है। रात 9 बजे तक बिल जमा नहीं हुआ तो कनेक्शन काट देंगे। मैसेज में मोबाइल नंबर भी दिया जाता है। इसे गैस कंपनी का मैसेज मानकर पीड़ितों ने उक्त नंबर पर संपर्क किया। सम्पर्क करने पर ठग ने पीड़ित को बताया कि आपको एप भेज रहे हैं। इसे मोबाइल में डाउनलोड करें।

### डेबिट कार्ड की जानकारी ली

एप को डाउनलोड करते ही बैंक खाता की जानकारी मांगी गई। बाद में एटीएम या डेबिट कार्ड की जानकारी भी उससे ली गई। जानकारी देने के कुछ देर बाद पीड़ितों के मोबाइल पर खाते से पैसे कटने के मैसेज आने लगे। यह देखकर पीड़ित परेशान हो गए। उन्होंने फिर उस नंबर पर संपर्क किया तो बताया कि यह पैसा जल्दी आपको रिफंड हो जाएगा। बाद में ठग ने फोन उठाना बंद कर दिया गया।

### ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से शॉपिंग की

इस तरह से ओमप्रकाश से 33118 रुपए, भुवन से 80528 रुपए, हरीश से 74 हजार, अशोक से 59354 रुपए, गिरीश से 40 हजार, विक्की से 93 हजार, पूनम से 38251, आलोक से 5832 रुपए, कुल 4 लाख 24 हजार रुपए की ठगी की गई। इसकी शिकायत पीड़ितों ने साइबर हेल्प लाइन नंबर पर की। इसमें बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर शॉपिंग की गई है।

### एप डाउनलोड कराया जाता

न दंडोतिया ने बताया है की कंपनी के रजिस्टर्ड ग्राहकों के पास ही इस तरह के मैसेज आ रहे हैं। ठगों द्वारा जो एपीके फाइल डाउनलोड कराई जाती है वह दरअसल में स्क्रीन शेयरिंग एप होता है। यह मोबाइल में डाउनलोड होने पर आपके मोबाइल का पूरा एक्सेस ठगों के पास चला जाता है। इस तरफ आपके मोबाइल में गैलरी और कांटेक्ट लिस्ट देख सकते हैं। साथ ही जो ओटीपी नंबर ट्रांजेक्शन के दौरान कनेक्शन लोगों के रोजमर्रा की जरूरत में शामिल रहता है तो काफी हद तक लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं।

## सड़कों पर गायों जमावड़ा



औबेदुल्लागंज - पशुओं के जमावड़े के कारण लोगों का चलना हुआ मुश्किल ओबेदुल्लागंज नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों सहित हाइवे इन दिनों आवारा मवेशियों के हवाले है। आवारा मवेशियों की बढ़ती तादाद के चलते इन्हें गोशालाओं में रखने को भी तैयार नहीं है। ओबेदुल्लागज नगर में हजारों आवारा पशु घूम रहे हैं। मच्छर- मक्खियों से परेशान गायें बरसात के दिनों में शाम होते ही सूखी जगह की तलाश में हाइवे की ओर रुख करने लगती है। रात को हाइवे व नगर पर इनका जमघट लग जाता है। गांवों से निकल रहे हाइवे पर समूह में गोवंश दिखाई देता है। पशुओं के यह झुंड दुपहिया वाहन चालकों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। थोड़ी सी चूक उनके लिए जानलेवा साबित हो जाती है। कुछ माह पहले नगर पालिका परिषद ने अभियान चलाकर गायों को रोड पर से हटाना शुरू किया था लेकिन अब आदेशों के बाद भी नगर परिषद रोड में विचरण कर रही गायों को हटाने में दिलचस्पी नहीं ले रही है लेकिन अब बरसात आने के बाद एक बार फिर से सड़कों पर गायों का झुंड नजर आने लगा है।

### उल्टी दस्त से 1 बच्चें की मौत ,7 बेहाल, हैजा फैलने की संभावना

औबेदुल्लागंज विकासखंड औबेदुल्लागंज अंतर्गत ग्राम महोली में उल्टी दस्त का प्रकोप फैल गया है उलटी दस्त से एक बच्चे की मृत्यु हो गई है वही उल्टी दस्त से बुरी तरह प्रभावित है गौरतलब हो की ग्राम पंचायत कामतोंन कासियाँ के ग्राम महोली में आरोग्यम केंद्र द्वारा किसी भी तरह की दवाइयां या प्राथमिक उपचार की व्यवस्था नहीं की गई है विकासखंड चिकित्सा अधिकारी इस पूरे मामले में सीधे तौर पर लापरवाही बरत रही हैं जहां एक और उल्टी दस्त जैसी बीमारी से बच्चों की मौत हुई है वहीं सूत्र बताते हैं कि पिछले कई महीनों से स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से गर्भवती महिलाओं और बच्चों की भी मौतें हुई हैं समय पर गर्भवती महिलाओं को आयरन कैल्शियम की दवाइयां भी नहीं मिल पा रही साथ ही नवजात बच्चों को समय पर टीके भी नहीं लग पा रहे हैं बरसात के शुरू होते ही उल्टी दस्त और बुखार की अधिकतर शिकायतें मिल रही हैं आज ग्राम महोली में रोहित उम्र 15 साल पिता कालू राम की अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में मृत्यु हो गई इसके साथ ही उल्टी दस्त से सात बच्चे और गंभीर रूप से प्रभावित हैं

# जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही पर 6 निलंबित, 4 को नोटिस




रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश के बाद आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने E&ecu-tive Engineers को निलंबित कर दिया है। साथ ही चार जिलों के कार्यपालन अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

राज्य शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बरतने और त्रुटिपूर्ण रिपोर्टिंग किए जाने को गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता मानते हुए जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता श्री जगदीश कुमार, बिलासपुर के कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. राठिया, बैकुंठपुर के कार्यपालन अभियंता श्री चंद्रबदन सिंह, बेमेतरा के कार्यपालन अभियंता श्री आर.के. धनंजय, अंबिकापुर के कार्यपालन अभियंता श्री एस.पी. मंडावी और सुकमा के कार्यपालन अभियंता श्री जे.एल. महला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं दुर्ग के कार्यपालन अभियंता श्री उत्कर्ष पाण्डेय, बालोद के कार्यपालन अभियंता श्री सुक्रांत साहू, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के कार्यपालन अभियंता श्री एस.एस. पैकरा तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कार्यपालन अभियंता श्री कमल कंवर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने विगत दिनों जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान इसे राज्य और केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक काम करने और निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने को कहा था। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने भी मिशन के कार्यों पर नाखुशी जाहिर करते हुए अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा गांवों में शत-प्रतिशत घरों में नल से पानी पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाह और त्रुटिपूर्ण रिपोर्टिंग करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राज्य शासन द्वारा निलंबन के बाद कार्यपालन अभियंता श्री जगदीश कुमार का मुख्यालय अधीक्षण अभियंता कार्यालय कोंडागांव, श्री यू.के. राठिया का मुख्यालय अधीक्षण अभियंता कार्यालय रायपुर, श्री चंद्रबदन सिंह का मुख्यालय अधीक्षण अभियंता कार्यालय सरगुजा, श्री आर.के. धनंजय का मुख्यालय अधीक्षण अभियंता कार्यालय दुर्ग, श्री एस.पी. मंडावी का मुख्यालय अधीक्षण अभियंता कार्यालय बिलासपुर और श्री जे.एल. महला का मुख्यालय अधीक्षण अभियंता कार्यालय जगदलपुर नियत किया गया है। नियमानुसार निलंबन अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने कारण बताओ नोटिस की कार्रवाई वाले चारों कार्यपालन अभियंताओं को सूचना पत्र प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर अपना प्रतिवाद प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समय में प्रतिवाद प्राप्त नहीं होने पर यह समझा जाएगा कि संबंधित कार्यपालन अभियंताओं को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है। तदुपरांत शासन द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## धीरेंद्र शास्त्री से गुरु दीक्षा लेने उमड़े भक्त, सड़कें हुई जाम



गुरु-पूर्णिमा के पहले बागेश्वर धाम जाने वाली सभी सड़कें जाम हो गई हैं। दरअसल महंत धीरेंद्र शास्त्री से गुरु-दीक्षा लेने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। आपको बता दें कि बागेश्वर धाम में 5 दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव शुरू हुआ है।

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बाबा बागेश्वर धाम आने वाले भक्तों का जनसैलाब उमड़ रहा है। बागेश्वर धाम के गढ़ा गांव में धीरेंद्र शास्त्री के लाखों भक्त आ जुटे हैं। गुरु-पूर्णिमा के पहले पंडित धीरेंद्र शास्त्री से गुरु दीक्षा लेने के लिए श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा हुआ है। बागेश्वर धाम जानेवाले सभी सड़कें भक्तों से भरी हैं। आपको बताते चलें कि बागेश्वर धाम में 5 दिवसीय गुरुपूर्णिमा उत्सव शुरू हो गया है कि जो कि आगामी 22 जुलाई तक चलेगा।

वैसे तो सामान्य दिनों में भी बागेश्वर धाम में साल भर भक्तों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन इस समय गुरू पूर्णिमा के पहले यहां मानो तिल भर जगह भी नहीं बची है। गुरु दीक्षा लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ गई। गुरु दीक्षा कार्यक्रम की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किए गए।

बागेश्वर धाम में गुरुवार यानी 18 जुलाई से पांच दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव की शुरूआत हुई। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री आस्ट्रेलिया से वापस लौटे तो उनके दर्शन करने लोग टूट पड़े। 18 और 19 जुलाई को गुरू दीक्षा का कार्यक्रम है। आपको बताते चलें कि जिन लोगों के रजिस्ट्रेशन हुए हैं उन्हें ही गुरु दीक्षा दी जा रही है। गुरू पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत बागेश्वर धाम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन भी आयोजित किया गया है। बागेश्वर धाम सेवा समिति ने छतरपुर जिले के प्रख्यात कवि प्रकाश पटैरिया को कवि सम्मेलन का संयोजक बनाया गया है। बागेश्वर धाम में कवि सम्मेलन आज यानी 19 जुलाई को होगा। कवि सम्मेलन में झांसी के हास्य कवि अर्जुन सिंह चांद सहित अजय अंजाम औरैया समेत कई कवि अपनी कविता प्रस्तुत करेंगे।

## बस स्टेंण्ड पर लोगों को असुविधाएं न हों और अस्थाई रूप से जितनी बेहतर व्यवस्थाएं दे सकेंगे देने का प्रयास किया जायेगाः कलेक्टर



दमोह । कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज बस स्टैंड का निरीक्षण किया। बस स्टैंड पर जर्जर हो चुकी इमारतों को पी.डब्लू.डी. से आवश्यक कार्यवाही कराकर डिस्मेंटल करने के निर्देश दिये। उन्होंने बस स्टेण्ड पर गंदगी देखकर नाराजी जताई और साफ सफाई को लेकर नगर पालिका को दिये निर्देश। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जहां-जहां बस स्टेण्ड के आसपास, नजदीक में अतिक्रमण है, हटाने के लिये नोटिस जारी किये जायें। इस दौरान बस एसोसियेशन के पदाधिकारियों, बस आपरेटरों को अनावश्यक रूप से खड़ी बसों को निर्धारित समय-सीमा हटाने निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान एसडीएम एलआर बागरी, सीएसपी अभिषेक तिवारी, तहसीलदार मोहित जैन, टीआई यातायात दलबीर सिंह मार्को, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु पुरोहित के अलावा राजस्व, नगर पालिका, यातायात सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण, बस संचालक, आमजन मौजूद थे।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज बस स्टैंड का निरीक्षण किया है। प्राइवेट बस स्टैंड और सरकारी बस स्टैंड दोनों का पूरा मुआयना किया है, यहां पर सफाई, अतिक्रमण, क्षतिग्रस्त भवनों और टॉयलेट को लेकर के कई सारी दिक्कतें हैं, जो कि यहां देख करके महसूस हुई है। हम सोमवार को ही बस स्टैंड निगरानी समिति की बैठक बुला रहे हैं और उस बैठक में आज जो भी हमने देखा है, उसके अनुसार जो भी कार्रवाई आगे की जानी है, उसके निर्णय ले लिए जाएंगे, अगले सप्ताह हम निर्णय ले लेंगे और उसका क्रियान्वयन तुरंत शुरू करेंगे, फिलहाल यही हमारी स्ट्रेटजी है क्योंकि नया बस स्टैंड बन रहा है, वह जब तक बनता है ,तब तक यहां पर लोगों को असुविधाएं न हो और अस्थाई रूप से जितनी बेहतर व्यवस्थाएं दे सकें, देने का प्रयास किया जायेगा।

### क्लीनअप ड्राइव के तहत प्रताप सागर तालाब में की गई सफाई

## तालाबों को स्वच्छ बनाने नपा द्वारा चलाया जा रहा क्लीनअप अभियान



छतरपुर। नगरपालिका छतरपुर अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया एवं नगरपालिका सीएमओ सुश्री माधुरी शर्मा के निर्देशन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 एवं सफाई अपनाओ एवं बीमारी भगाओ के अंतर्गत 19 जुलाई को एसयूपी क्लीनअप ड्राइव हेतु जलीय संरचनाओं तालाब के किनारे तैरते हुए ठोस अपशिष्ट, सिंगल यूज प्लास्टिक शहर के प्रताप सागर तालाब में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें सैंकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। तालाब पर गंदगी से भरे पड़े घाटों की सफाई जी किया। सफाई अभियान के तहत आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया और अपने आस-पास के क्षेत्र को साफ और सुरक्षित रखें।

नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया एवं सीएमओ सुश्री माधुरी शर्मा ने ठोस अपशिष्ट एवं सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करें और न ही शहर के तालाब में कचरा न फैलाएं। उन्होंने प्रताप सागर तालाब की सफाई के उपरांत प्रताप सागर रोड स्थित संत शिरोमणि श्री गाडगे पार्क निरीक्षण कर पार्क की सफाई व घास की कटाई के निर्देश दिए।

स्वच्छता नोडल अधिकारी नीतेश चौरसिया ने कहा कि तालाब के किनारे तैरते हुए ठोस अपशिष्ट, सिंगल यूज प्लास्टिक शहर की साफ सफाई कराई गई है। ठोस अपशिष्ट एवं सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करें और न ही शहर के तालाब में कचरा न फैलाएं। प्रताप सागर तालाब की सफाई नगरपालिका अध्यक्ष और सीएमओ के नेतृत्व में कराई गई।

स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर प्रदीप सेन ने कहा कि हमारी टीम लगातार तालाब की साफ-सफाई कर रही है। शहर के लोगों से अपील है कि तालाब में कचरा न फैलाएं।

इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर एडवोकेट आनंद शर्मा, उपयंत्री गोकुल प्रसाद प्रजापति, स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक, स्वच्छता सहायक कुलदीप तिवारी, रामसिंह राय, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों प्रद्युम्न गुप्ता, प्रीति पांडेय, नीलम तिवारी, कल्पना भार्गव, मजौना बानो, क्षिप्रा तिवारी, रामकृपाल नौगारिया, शेख जुम्मन, कर्मचारियों सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## स्वच्छता कार्य क्षेत्र से संबंधित प्रशिक्षण हेतु कार्यशला आयोजित

### स्वच्छता कर्मियो का किया सम्मान




छतरपुर। संवाददातात। नगर पालिका परिषद छतरपुर द्वारा सफाई मित्रों कचरा बीने वालों एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं पुराने के कचरे के उपचार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री माधुरी शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमति ज्योति सुरेन्द्र चौरासिया एवं अध्यक्षता उपाध्यक्ष श्री विकेन्द्र वाजपेयी (मिंटू पण्डा) ने की। इस कार्य हेतु मुख्य प्रशिक्षक के रूप में पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी डीडी तिवारी को आमंत्रित किया गया।

श्री तिवारी ने बताया कि सफाई मित्र सुरक्षा उपकरण पहनकर ही सफाई का कार्य करे इसके लिये नगर पालिका द्वारा उन्हें फ्लोरोसेंट जैकेट, मास्क , दस्ताने, वर्दी, हेलमेट का उपयोग करना है तथा नाली में सफाई करते समय गम्बूंट का उपयोग करना है स्वच्छता कर्मियों अनौपचारिक कचरा बीनने वालों स्वसहायता समूहों तथा तरल अपशिष्ट प्रबधन में कार्य करने वाले ऑपरेटर्स को नगर पालिका सुरक्षा किट उपलब्ध करायेगी। वे कार्य क्षेत्र में इसका उपयोग अनिवार्य रूप से करे। कोई भी सैप्टिक टैंक हाथ से साफ नहीं किया जावेगा। इसके लिये मशीनीकृत व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की गई है। प्रत्येक तीन साल में सैप्टिंक टैंक की सफाई करवाना हर भवन स्वामी की जिम्मेंदारी है। सफाई मित्रों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित तीन योजनाओं का लाभ भी दिया जावेगा। जिन्होंने यह लाभ प्राप्त न हुआ हो वह नगर पालिका आवेदन दे सकते है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति सुरेन्द्र चौरासिया जी एवं उपाध्यक्ष श्री विकेन्द्र वाजपेयी (मिंटू पण्डा) ने स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को स्टील के टिफिन एवं प्रशस्ति पत्र देकर श्रीमती रानी करोसिया ,संतोष, आशीष बाल्मीकि, अनीता बाल्मीक को सम्मानित किया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री माधुरी शर्मा ने कहा कि छतरपुर को सबसे स्वच्छ शहर का सम्मान दिलाने में आप सभी कि महत्वपूर्ण भूमिका है। किंतु अभी से और अधिक मेहनत करने से ही वांछित परिणाम मिल पायेगें। नोडल अधिकारी नीतेश चौरासिया ने सभी वार्डो में स्त्रोत स्थल पर गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग वाहन में डालने की जिम्मेदारी स्वच्छता पर्यवेक्षकों को सौंपी। स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक ने बताया कि हर वार्ड को कचरा रहित बनाने के लिये स्वच्छता पर्यवेक्षक जिम्मेदार रहेंगें। कार्यशाला में देव पचौरी, कुलदीप तिवारी, वार्ड पर्यवेक्षक एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहें।

## सोशल मीडिया से




## ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स की शाहिद कपूर स्टारर एक्शन थ्रिलर देवा होगी 14 फरवरी 2025 को रिलीज



तैयार हो जाइए एक रोमांचक अनुभव के लिए, क्योंकि ज़ी स्टूडियो और रॉय कपूर फिल्म्स ला रहे हैं एक धमाकेदार एक्शन थ्रिलर %देवा,% जिसमें शाहिद कपूर लीड रोल में हैं। यह फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज़ हो रही है, तो शानदार एंटरटेनमेंट का एक्सपीरियंस करने के लिए अपने कैलेंडर में इस डेट को मार्क कर लीजिए ! ताकि यह मिस न हो सके।

जाने-माने मलयालम फिल्म मेकर रोशन एंड्रयूज द्वारा डायरेक्टेड और सिद्धार्थ रॉय कपूर द्वारा प्रोड्यूसर फिल्म %देवा% एक एक्शन से भरपूर, थ्रिलिंग ड्रामा है। इस फिल्म में जहां शाहिद कपूर एक स्मार्ट लेकिन विद्रोही पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं, वहीं, पूजा हेगड़े एक पत्रकार की भूमिका नजर आने वाली हैं। देवा एक एक्साइटिंग और एंटरटेनमेंट से भरी कहानी होने का वादा करती है, जो दर्शकों को अपनी तरफ खींचने वाली है। 14 फरवरी, 2025 को आने वाली इस रोमांचक एक्शन फिल्म को देखना बेहद खास और अलग अनुभव होने वाला है !

## तमिल समाज ने भी राजनीति में प्रतिनिधि की मांग की, सांसद वी डी शर्मा से की मुलाकात



भोपाल तमिल समाज द्वारा वी डी शर्मा सांसद व प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में 29 में से 29 सीट जीतने पर बधाई देते हुए उन्हें ज्ञापन देकर मांग की गई कि मध्य प्रदेश में तमिल समाज के लोग लगभग चार पीढ़ी से निवासरत हैं उनके द्वारा बिना शर्त के राष्ट्रवादी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव, नगर निगम चुनाव, में विजय दिलाने हेतु कार्य एवं मतदान करते रहे हैं किंतु तमिल समाज को राजनीतिक दल द्वारा विशेषकर भाजपा द्वारा महत्व नहीं दिया गया इसलिए उन्हें सत्ता व संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने का अवसर प्रदान करें जिसका प्रत्यक्ष रूप से तमिलनाडु में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में लाभ होगा इस पर आदरणीय वी डी शर्मा जी ने तमिल समाज के प्रतिनिधि मंडल एम रवि भेल कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व संरक्षक तमिल संगम भोपाल , सुब्रमण्यम सचिव तमिल संगम भोपाल,डॉ सुरेश कुमार, एडवोकेट आनंद कुमार, मुरुगेशन , सेल्वनाथन, सेलवराजू, सिंगार्वेलु, मुथुवेल, अरुमुगम, सुब्रमण्यम, मनी, वेंकटेश, शिवप्रमाण, आदि को विश्वास दिलाया कि शीघ्र तमिल समाज को सत्ता व संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका दी जाएगी

## अमेजन इंडिया ने शॉपिंग इवेंट - प्राइम डे का शुभारंभ किया

बेंगलुरु, एजेंसी। अमेजन इंडिया ने अपने प्राइम मेंबर्स के लिए बहुप्रतीक्षित दो दिन तक चलने वाले शॉपिंग इवेंट - प्राइम डे का शुभारंभ किया है। इसमें ग्राहक शानदार डील्स और ऑफ़र एक्सप्लोर कर सकते हैं और खुशी की खोज कर सकते हैं। यह शॉपिंग इवेंट 20 जुलाई की मध्य रात्रि 12:00 बजे शुरू होगा और 21 जुलाई को रात 11:59 बजे तक चलेगा, जिसमें ग्राहक दो दिनों तक शानदार डील्स, नए लॉन्च और रोमांचक ऑफ़र का भरपूर लाभ उठा सकते हैं। हमारे प्राइम मेंबर्स ज्यादा बचत, बेहतरीन डील, प्रमुख ब्रांड्स के नए उत्पाद, छोटे और मध्यम व्यवसायों, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन और अन्य के साथ आनंद की खोज करने के लिए तैयार रहें। ग्राहक लैपटॉप, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, अप्लायंसेज, ऑफिस के सामान, पेंट्री और क्लीनिंग सप्लाई, घर एवं रसोई, फर्नीचर और अन्य पर शानदार डील और ऑफर का आनंद ले सकते हैं, सभी पात्र वस्तुएं एक दिन की फ्री डिलीवरी के अतिरिक्त लाभ के साथ आती हैं। अमेजन बिजनेस के ग्राहक प्राइम डे के दौरान अपनी 3 खरीदारी पर प्रति ऑर्डर 9,999 रुपये के बोनस कैशबैक के साथ-साथ उत्पादों की वाइड सलेक्शन, रिवॉर्ड प्वाइंट की खोज भी कर सकते हैं।

## प्राइम डे 2024 के लिए अमेज़ॅन पे के रोमांचक ऑफर

नई दिल्ली , एजेंसी। अपने कैलेंडर चिह्नित करें और 20 और 21 जुलाई को प्राइम डे नजदीक आने पर खरीदारी का बेहतरीन अनुभव प्राप्त करने के लिए तैयार हो जाएं। इस प्राइम डे, रोमांचक नए उत्पाद लॉन्च, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन सामग्री और कुछ बेहतरीन सौदों के लिए तैयार हो जाएं। साल का। अमेज़ॅन पे के साथ, आपको आनंद, बचत और पुरस्कार से भरे प्राइम डे अनुभव की गारंटी है। यहां बताया गया है कि अमेज़ॅन पे आपका अंतिम प्राइम डे साथी क्यों है- प्राइम डे आ गया है और अमेज़ॅन पे के साथ, आप ऑफ़र को और भी बेहतर बना सकते हैं! ग्राहक अमेज़ॅन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ अपने सभी प्राइम डे खरीदारी पर कार्ड के मौजूदा 5 प्रतिशत असीमित इनाम लाभों के अलावा 5 प्रतिशत कैशबैक का आनंद ले सकते हैं ! अभी तक इस कार्ड का उपयोग नहीं कर रहे हैं कोई बात नहीं ! प्राइम डे के दौरान आवेदन करें और 2,750 रुपये (प्राइम सदस्यता के साथ) या 2000 रुपये (प्राइम के बिना) तक का स्वागत बोनस प्राप्त करें। प्राइम डे के दौरान उबर के साथ सवारी का आनंद लेना जारी रखें और 5 प्रतिशत का भारी कैशबैक पाने के लिए अपने अमेज़ॅन पे बैलेंस से भुगतान करें। यह उबर क्रेडिट के रूप में 4 प्रतिशत और अमेजन पे कैशबैक के रूप में 1 प्रतिशत है, जिससे आप भविष्य की सवारी और भविष्य की अमेजनडाटइन खरीदारी पर बचत कर सकते हैं।

# चीन से तनाव इंडिया की इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों को महंगा पड़ा, 15 अरब डॉलर का प्रॉडक्शन लॉस



न्यू दिल्ली। भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के लिए चीन के साथ तनाव महंगा साबित हो रहा है। इस वजह से पिछले चार साल में भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों को 15 अरब डॉलर का प्रॉडक्शन लॉस हुआ है। साथ ही इस दौरान करीब 1 लाख नौकरियों का मौका भी हाथ से निकल गया। चीन के नागरिकों को वीजा जारी करने में देरी और भारत में काम कर रही चीनी कंपनियों की जांच के बीच ऐसा हुआ है।

विभिन्न मंत्रालयों को भेजे गए ज्ञापन में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग इंडस्ट्री ने कहा कि भारत ने 2 अरब डॉलर के वैल्यू एडिशन नुकसान के अलावा 10 अरब डॉलर का निर्यात अवसर भी खो दिया है। इंडस्ट्री के लोगों के मुताबिक चीनी अधिकारियों के 4 से 5 हजार वीजा आवेदन सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। इससे देश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री की विस्तार योजनाओं में बाधा आ रही है। यह स्थिति तब है जब सरकार ने 10 दिन के भीतर बिजनस वीजा आवेदनों को मंजूरी देने के लिए एक व्यवस्था बना रखी है।

इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (ढ्ढष्टश्व) और मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (रू्रढ्ढञ्ज) लॉबी ग्रुप ने केंद्र सरकार से चीनी अधिकारियों के लिए वीजा मंजूरी में तेजी लाने का अनुरोध किया है। अभी इसमें एक महीने से अधिक समय लग रहा है। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि चीनी अधिकारियों की जरूरत टेक और स्किल ट्रांसफर, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स की स्थापना और कमीशनिंग, एफिशियंसी प्रोसेसेज की स्थापना और मेंटनेंस के लिए है। साथ ही चीनी की उन कंपनियों के अधिकारियों के वीजा आवेदन भी लंबित हैं, जिन्हें स्थानीय कंपनियों के साथ पार्टनरशिप में यहां मैन्युफैक्चरिंग बेस बनाने के लिए बुलाया गया है।

### इस का समाधान कैसे निकलेगा

आईसीईए ने कहा कि हमारी घरेलू मूल्य संवर्धन (ष्ठङ्क) योजना पर गंभीर असर पड़ा है। जब मोबाइल के लिए पीएलआई योजना (2020-21 में) शुरू की गई थी, तो उम्मीद थी कि आपूर्ति श्रृंखला चीन से हट जाएगी। लेकिन, इस गतिरोध और प्रेस नोट 3 (भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से निवेश की अधिक जांच अनिवार्य करना) के कारण सप्लाई चेन के ट्रांसफर में भारी गिरावट आई है। यह एसोसिएशन ऐपल, ओप्पो, वीवो, डिक्सन टेक्नोलॉजीज और लावा जैसे टॉप मोबाइल ब्रांड्स और मैन्युफैक्चरर्स का प्रतिनिधित्व करता है। आईसीईए का अनुमान है कि अगर भारत और चीन के बीच बिजनस एक्टिवीज सामान्य होती तो भारतीय कंपनियों का वैल्यू एडिशन वर्तमान 18त्न से बढ़कर 22-23त्न होता। इससे घरेलू मोबाइल फोन ईकोसिस्टम में सालाना 15,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त डीवीए कंट्रीब्यूशन होता।

### आईसीईए समाधान की उम्मीद

आईसीईए के चेयरमैन का कहना है कि हमें उम्मीद है कि एक संतुलित समाधान निकलेगा। इससे उद्योग की चिंताएं दूर होंगी और साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा हितों में संतुलन बना रहेगा। इंडस्ट्री किसी भी देश के आगे झुकने को नहीं कह रहा है लेकिन हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि आत्मनिर्भरता का रास्ता चीन के दबदबे वाली वैल्यू चेन पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि भारत ने काफी हद तक अपने नुकसान की भरपाई कर ली है और वह अधिक प्रतिस्पर्धी बन गया है। फिर भी भारत को वियतनाम, मलेशिया और मैक्सिको जैसे देशों के मुकाबले नए प्रकार का नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिनकी चीन से पूंजी, प्रौद्योगिकी और कौशल तक फ्री एक्सेस का फायदा मिल रहा है।

### भारत के किसका नुकसान , किसका फायदा

उद्योग के लोगों का कहना है कि चीनी नागरिक भी गिरफ्तारी और पूछताछ के डर से भारत आने से डरते हैं। एक अधिकारी ने कहा, 'अगर किसी फैक्ट्री को स्थापित करने में मदद के लिए 50 इंजीनियरों की जरूरत है, तो केवल 10 या उससे कम ही लोग आने को तैयार हैं।' उन्होंने कहा कि 2020 से भारत-चीन रिश्तों में आई तल्खी के कारण चीनी कंपनियों की गहरी जांच हो रही है। इस कारण इन कंपनियों ने भारत में आगे निवेश करना बंद कर दिया है। इससे सप्लाई चेन के विकास में अड़चन आ रही है। अगर ये कंपनियां भारत छोड़ने का फैसला करती हैं, तो इससे प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज की उपलब्धता पर बड़ा असर पड़ेगा, रोजगार खत्म होगा और बड़ी संख्या में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स बंद हो जाएंगी।

उदाहरण के लिए एक बड़ी चीनी कंपनी ने ऐपल आईपैड बनाने के लिए भारत में एक प्लांट स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई थी। लेकिन वह वियतनाम चली गई और वहां सालाना 8-10 अरब डॉलर मूल्य के आईपैड का उत्पादन कर रही है। इसी तरह चीन के स्मार्टफोन ब्रांड्स भी भारत की प्रमुख मोबाइल पीएलआई योजना में भाग लेने से कतरा रहे हैं। एक सूत्र ने कहा कि यदि चीनी कंपनियों को मोबाइल पीएलआई में भाग लेने से नहीं रोका जाता, तो भारत 2020 से कम से कम 5-7 अरब डॉलर का अतिरिक्त एक्सपोर्ट रेवेन्यू कमा सकते थे। त्रञ्जक्रढ्ढ की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकॉम और इलेक्ट्रिकल उत्पादों का आयात बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हो गया। इसमें 44त्न चीन से और 56त्न हांगकांग से आया।

## ऑनर ने भारत में ऑनर 200 सीरीज़ लॉन्च की

## एआई-पॉवर्ड स्टूडियो-लेवल पोर्ट्रेट फोटोग्राफी द्वारा मोबाईल इमेजिंग को आधुनिक बनाया




मुंबई, एजेंसी। ऑनर ने भारत में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए आज ऑनर 200 सीरीज़ लॉन्च की। यह इसकी प्रतिष्ठित नंबर सीरीज़ में सबसे नया लॉन्च है। इस सीरीज़ में ऑनर 200 प्रो 5जी और ऑनर 200 5जी हैं जो पॉवर और क्रिएटिविटी के दायरे बढ़ाकर ग्राहकों को अत्याधुनिक एआई पॉवर्ड पोर्ट्रेट क्षमताएं, आकर्षक डिस्प्ले, मजबूत हार्डवेयर परफॉर्मेंस, और इन्ट्यूटिव यूज़र केंद्रित एआई अनुभव प्रदान करेंगे।

इस लॉन्च के बारे में श्री सी. पी. खंडेलवाल, जॉईंट मैनेजिंग डायरेक्टर, एचटेक ने कहा ऑनर 200 सीरीज़ का लॉन्च भारत में स्मार्टफोन का अत्याधुनिक अनुभव प्रदान करते रहने के हमारे सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अपनी अत्याधुनिक एआई-पॉवर्ड पोर्ट्रेट फोटोग्राफी, बेहतर डिस्प्ले टेक्नोलॉजी, और शानदार परफॉर्मेंस के साथ ऑनर 200 सीरीज़ स्मार्टफोन उद्योग में नए मानक स्थापित कर देगी। हम इनोवेटिव उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा ही न करें, बल्कि उनसे बढ़कर प्रदर्शन करें। ऑनर 200 सीरीज़ हमारी इस प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है। हम भारत में ये अत्याधुनिक डिवाईस पेश करने के लिए उत्साहित हैं। हमें विश्वास है कि ये हमारे यूज़र्स के जीवन में परिवर्तन ला देंगी।'' ऑनर 200 प्रो 5जी दो खूबसूरत रंगों - ओशन स्यान और ब्लैक में 57,999 रुपये में 20 जुलाई अर्द्धरात्रि 12 बजे से अमेज़न.इन पर, ब्रांड की वेबसाईट पर और आपके नजदीकी मेनलाइन रिटेल स्टोर्स पर मिलना शुरू होगा। 20 और 23 जुलाई को यह स्मार्टफोन खरीदने वाले सभी ग्राहकों को 8000 रुपये की तत्काल छूट मिलेगी। आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड पर 3000 रुपये की अतिरिक्त छूट मिलेगी। इसके अलावा ग्राहकों को कुछ चुनिंदा मेनलाइन स्टोर्स में 8,499 रुपये मूल्य के मुफ़्त ऑनर उपहार मिलेंगे या इसके बदले 2000 रुपये की तत्काल कूपन छूट दी जाएगी।

## एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने सीएसआर पहलों के माध्यम से 9हजार से अधिक गांवों को प्रभावित

मुंबई, एजेंसी। भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने वर्ष 2023-24 के लिए एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहलों पर 945.31 करोड़ रुपये के व्यय की सूचना दी है। यह पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 125 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शाता है। अपने सीएसआर ब्रांड, परिवर्तन के तहत, एचडीएफसी बैंक की पहलों ने अब तक 10.19 करोड़ लोगों के जीवन को प्रभावित किया है, जो 9,000 से अधिक गांवों और 10 लाख से अधिक परिवारों तक पहुँची है, जिसमें भारत सरकार के आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) में पहचाने गए 112 जिलों में से 85 में कवरेज शामिल है। हाशिए पर पड़े समुदायों, खास तौर पर महिलाओं के लिए स्थायी आजीविका बनाने पर केंद्रित, परिवर्तन 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में काम करता है। बैंक की पहलों में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, स्कूल बुनियादी ढांचे का विकास, कृषि सहायता, मृदा और जल संरक्षण, और ग्रामीण भारत में जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए अपने समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम और केंद्रित विकास कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा परियोजनाएं शामिल हैं। बैंक ने 31 मार्च, 2024 तक 9000 से अधिक गांवों को कवर किया है। शिक्षक प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति, करियर मार्गदर्शन और स्कूलों को बुनियादी ढाँचागत सहायता के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान केंद्रित करने वाली पहलों के लिए बैंक ने आज तक 2 करोड़ से अधिक छात्रों तक पहुँच बनाई है।

## करूर वैश्य बैंक ने 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की



मुंबई , एजेंसी। करूर वैश्य बैंक ने 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है, जिसमें विभिन्न मापदंडों पर प्रभावशाली वृद्धि और ठोस प्रदर्शन देखा गया है। कुल व्यवसाय में वर्ष-दर-वर्ष 15.16 प्रतिशत और तिमाही में 4.00 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे यह 170,059 करोड़ तक पहुंच गया। जमाराशि वर्ष-दर-वर्ष 14.41 प्रतिशत बढ़कर 92,349 करोड़ हो गई, जबकि ऋण पुस्तिका वर्ष-दर-वर्ष 16.06 प्रतिशत बढ़कर 77,710 करोड़ हो गई। बैंक के चालू खाता और बचत खाता जमाराशि में 5.62 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई, जिसमें सीएएसए अनुपात 30.37 प्रतिशत रहा।

करूर वैश्य बैंक का शुद्ध लाभ तिमाही के लिए वर्ष-दर-वर्ष 27.86 प्रतिशत बढ़कर 459 करोड़ हो गया। प्री-प्रोविजन ऑपरेटिंग प्रॉफिट वर्ष-दर-वर्ष 15.12 प्रतिशत बढ़कर 746 करोड़ हो गया। शुद्ध ब्याज मार्जिन 4.13 प्रतिशत रहा और अन्य आय वर्ष-दर-वर्ष 16.52 प्रतिशत बढ़ी। तिमाही के लिए लागत-आय अनुपात 47.20 प्रतिशत था, जबकि संपत्ति पर वापसी और इक्विटी पर वापसी क्रमशः 1.70 प्रतिशत और 17.33 प्रतिशत थे। बैंक ने 1.32 प्रतिशत के सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों और 0.38 प्रतिशत के शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के साथ मजबूत परिसंपत्ति गुणवत्ता बनाए रखी।

करूर वैश्य बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ, श्री रमेश बाबू बी ने बैंक की निरंतर वृद्धि की दिशा में विश्वास व्यक्त किया, और आरएएम वर्टिकल्स में समावेशी वृद्धि पर जोर दिया। बेसल दिशा-निर्देशों के अनुसार बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.47 प्रतिशत था, जिसमें सीईटी 1 अनुपात 15.58 प्रतिशत था।

## आरएनएफआई सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ 22 को खुलेगा

मुंबई, एजेंसी। आधुनिक फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस ऑफर करने वाली, आरएनएफआई ने 22 जुलाई 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग आईपीओ के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत अपर बैंड पर 70.81 करोड़ एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे.

आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने, पूंजी खर्च, टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेंट, अप्रमाणित अधिग्रहण के मार्फत इनॉर्गेनिक ग्रोथ और अन्य व्यूहात्मक पहल और आम कॉर्पोरेट कार्यों के लिए किया जाएगा. एंकर पोर्शन की बिडिंग 19 जुलाई, 2024 को खुलेगी. सभी अन्य श्रेणी के अभिदान के लिए इश्यू 22 जुलाई, 2024 को खुलेगा और 24 जुलाई, 2024 को बंद होगा. इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर चॉइस कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड है. इश्यू की रजिस्ट्रार स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है.

आरएनएफआई सर्विसेज लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, रणवीर ख्यालिया ने कहा, हम हमारी यात्रा के इस उल्लेखनीय सीमाचिन्ह को शेयर करते हुए अति आनंदित है, क्योंकि हम इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) की तैयारी कर रहे हैं।

## डिस्कवर जॉय: अमेजन इंडिया ने की प्राइम डे 2024 डील्स की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेजन इंडिया ने आज इस प्राइम डे के लिए शानदार डील्स, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन लाइनअप की घोषणा की, जो 20 और 21 जुलाई को होगा। इस कार्यक्रम में अक्षय साही, हेड ऑफ अमेजन प्राइम, डिलीवरी और रिटर्न अनुभव, इंडिया और उभरते बाजार; अभिनव अग्रवाल, निदेशक और हेड ऑफ प्राइम, अमेजन इंडिया; मनीष मेंघानी, निदेशक ङ्क कंटेंट लाइसेंसिंग, प्राइम वीडियो, इंडिया और रंजीत बाबू, निदेशक, वायरलेस और टीवी, अमेजन इंडिया सहित अमेजन प्राइम और प्राइम वीडियो के लीडर्स शामिल हुए। इस अवसर पर अमेजन लीडर्स के साथ, उद्योग जगत के दिग्गज जैसे अमन गुप्ता, सह-संस्थापक और सीएमओ, बोट; विशाल शिंदे, हेड ऑफ ई-कॉमर्स, अगारो; जय कृष्णन, सीईओ, सैमसोनाइट साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड; और राहुल पाहवा, निदेशक, एमएक्स बिजनेस, सैमसंग इंडिया उपस्थित थे।

## सैमसंग ने भारत मेंजेड फोल्ड और जेड फ्लिप6 स्मार्टफोन लॉन्च किये

गुरुग्राम, एजेंसी। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने भारत में अपने छठी जनरेशन के फोल्डेबल स्मार्टफोन - गैलेक्सीजेड फोल्ड और जेड6 के लिए प्री-बुकिंग शुरू कर दी है। ये स?मार्टफोन-?स गैलेक्सी एआई के अगले अध्याय की शुरुआत करेंगे। नया गैलेक्सीजेड फोल्ड और जेड6 गैलेक्सी एआई को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है, जिससे उपभोक्ताओं को मोबाइल का अनूठा अनुभव मिलेगा। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के अध्यक्ष और सीईओ जेबी पार्क ने कहा, सैमसंग अपनी छठी जनरेशन के फोल्डेबल स?मार्टफोन-गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और जेड6 के साथ गैलेक्सी एआई के अगले अध्याय की शुरुआत करके खुश हैं। नए स्मार्टफोन कम्युनिकेशन, प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी में शानदार मोबाइल अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। एआई-आधारित कनेक्टेड गैलेक्सी इकोसिस्टम के साथ, हमारे नए प्रोडक्ट आपको सशक्त बनाएंगे और आपके जीवन को बेहतर बनाएंगे। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि गैलेक्सीजेड फोल्ड और जेड6 दोनों का उत्पादन हमारी नोएडा फैक्ट्री में किया गया है।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 के लिए 'दी फ्यूचर इज नाऊ' थीम जारी किया

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 की थीम 'दी फ्यूचर इज नाऊ' का आज नई दिल्ली में संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा अनावरण किया गया। यह थीम इस महत्व को रेखांकित करती है कि भारत कैसे प्रौद्योगिकी उद्भव के हृदय में स्थित है और आईएमसी 2024 विश्वभर से नेताओं, दूरदृष्टाओं और नवप्रवर्तकों को गठबंधन करने और आज हमारी दुनिया को बदल रही प्रौद्योगिकियों को आकार देने के लिए एक साथ आ रहे हैं जहां भविष्य महज एक अवधारणा नहीं है, बल्कि यह घटित हो रहा है।

संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पंजीकरण के लिए इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 का एप्लीकेशन और वेबसाइट भी लांच किया। प्रथम पंजीकरण और श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुख्य संबोधन के साथ इंडिया मोबाइल कांग्रेस ने प्रतिनिधियों, आगंतुकों, अकादमिक क्षेत्र एवं कॉलेज, सरकार और मीडिया के लिए पंजीकरण खोलने की भी घोषणा की।




अपने संबोधन में संचार मंत्री ने कहा, टेक्नॉलाजी तब सर्वोत्तम होती है जब वह लोगों को एक साथ लाती है। इसके लिए हमारे देश भारत से बेहतर कोई और उदाहरण नहीं हो सकता। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता की तर्ज पर देशभर में अंतर पाटने में टेक्नोलॉजी की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, यह टेक्नोलॉजी एवं संचार ही है जो अवसरों का एक मंच उपलब्ध कराएगा। संचार और नेटवर्क भारत के प्रथम गांव से भारत के केंद्रीय गांवों तक लोगों को एक साथ लाएगा।

संचार मंत्री ने आईएमसी को एक ग्लोबल मेल्टिंग प्वाइंट करार देते हुए उम्मीद जताई कि भारत को आने वाले वर्षों में इस तरह के आयोजनों का एक केंद्र बनना है। उन्होंने कहा कि ' फ्यूचर इज नाऊ' थीम हमारी क्षमताओं, हमारी उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में दूरसंचार क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलावों को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत टेक्नोलॉजी के उपभोक्ता से टेक्नोलॉजी का आपूर्तिकर्ता बन गया है। उन्होंने दूरसंचार अधिनियम, 2023, पीएलआई स्कीम, सबसे तेजी से 5जी का विस्तार जैसी विभिन्न दूरसंचार पहल की सराहना की और इस बात की प्रतिबद्धता दोहराई कि दूरसंचार अधिनियम, 2023 के नियम अगले 180 दिनों में अधिसूचित कर दिए जाएंगे।

## सस्टेनेबल माइनिंग में अग्रणी कदम - सतना के खनन परिचालन में इलेक्ट्रिक डम्पर का समावेश

सतना। वर्तमान में भारतीय खनन उद्योग, पर्यावरणीय स्थिरता एवं परिचालन दक्षता की चुनौतियों से जूझ रहा है

इन चुनौतियों के मद्देनजर हमने अपनी सतना खदान में इलेक्ट्रिक डम्पर (70 टन क्षमता - बैटरी संचालित) का शुभारंभ किया हैढ्ढ इसका उद्घाटन श्री रजत प्रुस्टी (प्रमुख- विनिर्माण अवं परियोजना) के द्वारा किया गया। इस मौके पर श्री सुनील सूद (इकाई प्रमुख-सतना सीमेंट वर्क्स), एवं माइनिंग टीम मौजूद रहीढ्ढ डम्पर का नवीनतम डिज़ाइन एवं शून्य उत्सर्जन प्रणाली उपकरण को कार्य क्षेत्र के लिए पर्यावरण अनुकूल बनाता हैढ्ढ इसकी उन्नत विद्युत प्रणोदन प्रणाली न केवल इष्टतम प्रदर्शन सुनिश्चित करती है बल्कि कार्बन उत्सर्जन को भी काफी कम करती है। यह बिड़ला कॉरपोरेशन लिमिटेड, इकाई-सतना सीमेंट वर्क्स, सतना, को चूना पत्थर खनन में इस श्रेणी के इलेक्ट्रिक डम्पर का उपयोग करने वाली भारत की पहली कंपनी बनाती है। इलेक्ट्रिक डंपरों की शुरूआत हरित और सस्टेनेबल माइनिंग की दिशा में भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पी जी कॉलेज में रोजगार मेला 27 जुलाई को

### 15 कंपनियों में लगभग 500 पदो के लिए होंगे इंटरव्यू , योग्यता के अनुसार मिलेगा पैकेज

छिंदवाड़ा। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय पी जी कॉलेज छिंदवाड़ा में 27जुलाई को एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है । रोजगार मेला के प्रभावी आयोजन के संबंध में जनभागीदारी अध्यक्ष श्री भारत घई तथा प्राचार्य ने बैठक लेकर आवश्यक तैयारियो की समीक्षा की साथ ही जिले के युवाओं और सभी महविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियो से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शासनकी रोजगारोन्मुखी पहल का लाभ लेने की अपील की ।

### इन सेक्टर की कंपनिया होगी शामिल

जिला स्तरीय रोजगार मेला के संबंध में जानकारी देते हुए डॉ पी एन सनेसर संभागीय नोडल अधिकारी करियर गाइडेंस ने बताया कि अभी बैंक, ऑटोमोबाइल, मेडिकल, हेल्थ केयर, इंडस्ट्रीज, बीमा, सेल्स सेक्टर की 15 कम्पनियो से बात हुई है जिनमे लगभग 500 पदो के लिए इंटरव्यू होंगे। सभी युवाओं को 5 सेट में रिज्यूम लेकर सुबह 10-30 बजे पी जी कॉलेज छिंदवाड़ा में उपस्थित होना होगा ताकि वे योग्यता के अनुसार कम से कम 5 कंपनियोंमें इंटरव्यू दे सके।

## शहीदाने करबला की याद में आज होगा 35 वॉ मुशायरा

छिंदवाड़ा। 35 वॉ शहीदाने कर्बला की याद में मुशायरा (मुसालमा) का आयोजन आज दिनांक 20 जुलाई 2024 दिन शनिवार को रात्रि 9 बजे से किया गया है । उक्ताशय की जानकारी कार्यक्रम आयोजक राशिद खान ने बताया कि उनके द्वारा विगत् 35 वर्षो से मोहर्रम की 13 तारीख को मुशायरा (मुसालमा) का आयोजन किया जाता है, जिसमें संपूर्ण देश के मशहूर शायर शिरकत फरमातें हैं । इस अवसर पर मंच संचालन जनाव आरिफ हसन सिद्धीकी, जबलपुर, जनाब वादि अंसारी, मालेगांव, जनाव नौशाद हैदरी एडव्होकेट, नागपुर, जनाव नसीम नागपुरी (नागपुर), जनाव इरशद बिलाल (नागपुर), जनाव मकबूल जफर जबलपुरी (जबलपुर), जनाव सलीम दरियापुरी (अमरावती), जनाव इस्माइल तारी (चॉदामेटा), जनाव जियाउल हक (चॉदामेटा) अपने-अपने अंदाज में इमाम हुसैन की याद में कलाम पेश करेंगे । कार्यक्रम में मेहमाने खुशुसी हाजी जमाल उद्दीन (लाल साहब) प्रवीण श्रीवास्तव अधिवक्ता, आनन्द बक्षी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे । कार्यक्रम आयोजक राशिद सहित जियाउद्दीन, इब्ने हसन रिजवी, आरिफ कुरैशी, इसराईल खान, जेड अली, शारिक सिद्धीकी, सरफराज खान, जावेद खान, नूर आलम, अस्सू अली, जफर भाई साफे वाले, कबीर खान, शाहिल खान एवं अन्य साथियों ने समस्त इमाम हुसैन के चाहने वालों से अपील की है कि इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में शिरकत फरमाकर शबावे दायरा हासिल करें ।

## श्रीमति अनिता गुप्ता छिंदवाड़ा वैश्य महासम्मेलन की महिला जिलाध्यक्ष बनी



**छिंदवाड़ा।** वैश्य महासम्मेलन के जिला ईकाई अध्यक्ष अनिल सिंघई द्वारा महिला ईकाई की संभागीय अध्यक्ष श्रीमती किरण सोनी और संभागीय प्रभारी श्रीमति सुधा सोनी की अनुसंशा और प्रदेश महामंत्री विजय झांझरी एवं प्रदेश मंत्री रमेश जाखोटिया की सहमति से संगठन की सक्रिय सदस्य श्रीमति अनिता यशवर्धन(नारू) गुप्ता को छिंदवाड़ा जिला महिला ईकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है । उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए सर्वश्री विजय झांझरी, रमेश जाखोटिया, प्रभुनारायण नेमा, जे पी नेमा, नीरज भारद्वाज, दिलीप पाटनी, विकास वात्सल्य, राजेश नेमा, अभिषेक चौरसिया, राकेश जैन जुन्नारदेव, मनोज साहू, सुधीर पाटनी, तारण जैन चौरई एवं सर्वश्रीमति सुधा सोनी, किरण सोनी, सविता पाटनी, मंजू नेमा, ममता राठी, मीना जैन, नीतू साहू, आरती जैन, प्रतिमा नेमा, मंजू वैद्यमुथा, प्रतिभा सोनी तामिया, रानी साहू, मोनिका जैन, टीना गुप्ता, सोनिया नेमा, आदि सदस्यों ने बधाईयां दी हैं।

## रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव कार्यक्रम में शामिल होंगे सांसद

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू आज विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे सांसद साहू अपने संसदीय क्षेत्र की प्रगति और विकास के लिए आयोजित सुबह 11 बजे बोरगांव में रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव का आयोजन कार्यक्रम में शामिल होंगे, दोपहर 2 बजे सौसर में दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान करने हेतु आयोजित शिविर में भाग लेंगे एवं दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित करेंगे, शाम 4 बजे पांढुर्ना में सामाजिक न्याय विभाग एडिप योजना अंतर्गत दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे उसके उपरांत सांसद सारना के पास स्थित ग्राम पांजरा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं राम सत्ता प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## पीआईसी सभापति का इस्तीफा स्वीकार

**अमरवाड़ा।** नगरपालिका परिषद अमरवाड़ा के योजना एवं यातायात विभाग* की सभापति *श्रीमती संतोषी दुर्गा वंशकार द्वारा विगत वर्ष दिया गया इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी ने इस्तीफा स्वीकार कर कहा कि शीघ्र विधायक राजा कमलेश शाह से चर्चा कर प्रेसीडेंट इन काउंसिल का पुनर्गठन किया जाएगा।

## डेहरिया समाज महिला टीम ने छात्रों को बांटी कॉपियां



अमरवाड़ा। मेहरा डेहरिया समाज समिति अमरवाड़ा की महिला प्रकोष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती दसोदी डेहरिया के सुझाव एवं प्रेरणा से महिला टीम ने निर्णय लिया कि अपने समाज के बच्चों को ही नहीं बल्कि सभी समाज के बच्चे शिक्षा में आगे बढ़े तभी देश का विकास संभव है* *इसी उद्देश्य को लेकर शासकीय प्राथमिक शाला हरनभटा के 26 छात्रों शासकीय माध्यमिक शाला सेजा के 40 छात्रों तथा एकीकृत माध्यमिक शाला दुलारा के 64 छात्रों को कापियों का वितरण किया गया डेहरिया समाज अमरवाड़ा के अध्यक्ष ब्रह्मानंद डेहरिया महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती श्यामवती डेहरिया कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती दसोदी डेहरिया कोषाध्यक्ष श्रीमती सुलोचना डेहरिया उपाध्यक्ष श्रीमती पुनीता डेहरिया सचिव श्रीमती वंदना डेहरिया के साथ सभी महिलाएं सहयोग कर रही हैं।

# अवैध कालोनियों पर लगेगी लगाम, कुत्तों की आवादी रोकने का होगा प्रयास, महापौरों की बैठक में बनी रणनीति




अवैध कालोनियों को लेकर प्रदेश की सरकार सख्त हो गई है। शुक्रवार को मंत्रालय में सभी 16 नगर निगमों के महापौर के साथ हुई बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अवैध कालोनियों पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिये। साथ में आवारा कुत्तों पर नियंत्रण एवं उनके द्वारा काटने की घटनाओं को रोकने के लिए कार्य करने के निर्देश दिये। विजयवर्गीय ने कहा कि मल्टी स्टोरी भवनों के लिफ्ट एवं फायर सेफ्टी सिस्टम नगरीय निकाय द्वारा देखें जाये। फायर संचालनालय का गठन किया जायेगा, इसके लिए लगभग 4 सौ करोड़ का बजट प्रस्तावित हैं। नये सिरे से फायर एक्ट भी बनाये जाऐगें। नगर निगमों तक संसाधनों को पहुंचाया जायेगा। किरायेदारी अधिनियम बनायेंगे, जिससे संपत्ति के मालिक का स्वामित्व बना रहे और किरायेदार को भी असुविधा न हों। विजयवर्गीय ने कहा कि शहरों में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के लिए बारात, जुलूसों आदि के लिए नियम बनाये जायेंगे। उन्होंने लोक निर्माण, गृह निर्माण मंडल, रेल्वे, विद्युत, दूरसंचार आदि से नगरीय क्षेत्रों में अपने विभागीय कार्यों को करने के पहले आयुक्त एवं महापौर से चर्चा करने के निर्देश दिये। जिससे सड़कों पर टूट-फूट होने को रोका जा सके।

## रघुवंशी समाज का प्रतिनिधिमंडल सायवर क्राईम के डीजीपी एवं स्टेट बैंक के महाप्रबंधक से मिला

### साध्वी लक्ष्मी ने लोनीकला आश्रम के 90 लाख निकाले




छिंदवाड़ा। चौरई विधानसभा क्षेत्र के लोनीकला आश्रम का संचालन सन्त रघुवंश शिरोमणी कनक बिहारी महाराज करते थे, विगत दिनों उनका दुर्घटना में स्वर्गवास हो गया। उनके आश्रम की साध्वी लक्ष्मी ने बैंक को बगैर उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र दिये 90 लाख रूपए निकाल लिये आश्रम वालों का कहना है कि साध्वी लक्ष्मी के बारे में कुछ जानते नहीं है। 90 लाख रूपए निकाल का साध्वी लक्ष्मी ने आश्रम के साथ धोखाधड़ी की है, जब जानकारी रघुवंशी समाज के लोगों को मिली तो उनके बहुत रोष है। क्योंकि साध्वी ने आश्रम के साथ धोखाधड़ी की है। रघुवंशी समाज के पदाधिकारी भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियों से मिले और कार्यवाही करने की मांग की है। भोपाल में प्रतिनिधी मंडल में म.प्र. के ब्रजेश रघुवंशी, हरिशंकर रघुवंशी, चन्द्रशेखर रघुवंशी एवं भाजपा नेता संदीप रघुवंशी भोपाल सायवर क्राईम के पुलिस महानिर्देशक योगेश देशमुख व भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक लोकेश लवानिया से मिले एवं कार्यवाही कर साध्वी लक्ष्मी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

## भूकंप से जमीन कॉप हो उठी, घरों के दीवारों में आई दरारे



परासिया। कोयलांचल क्षेत्र परासिया के वार्ड नंबर 5 मैग्जीन लाईन साहू मोहल्ला में दिन शुक्रवार को सुबह करीबन 10 बजे ऐसा लगा भूकंप से जमीन भी कंपन हो उठी उस समय हड़कम्प मच गया , जब घरों की दीवारों और नीव में अचानक दरारे देखी गई । जो धीरे धीरे बढ़ते जा रही है । एवं मकानों में अचानक आई दरारों से लोग सहम गए है । खतरों के बीच अब खुद के घरों में रहने से लोग दहशत में आ गये है । क्योंकि परासिया कोयलांचल क्षेत्र है । यहां कई कोयला खदानें खुली और अब बंद हो गई है । घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर वेकोलि की कोयला खदान संचालित थी , जो अब बंद हो चुकी है । यह पहला मामला नही जब घरों में दरारे आई है । इससे पहले भी ऐसे कई क्षेत्रो में घटना सामने आ चुकी है । कुंदन दुबे ने बताया वार्ड नंबर 5 में आनंद यादव , श्याम साहू , मनोज साहू और संतोष चौकसे के घरों की दीवारों में दरारे आई है । जो अब मुसीबत बनती जा रही है । जो कि वार्डवासियो का कहना है कि मकानो में आई दरारों को लेकर अभी शासन प्रशासन और वेकोलि को धटना की सूचना नही दी जा सकी है । घटना की जानकारी मिलने पर नगरपालिका एवं 2ष्द्य की टीमनिरीक्षण के लिए पहुँची थी । वार्ड वासियों का कहना है कि परासिया एसडीएम ,नगरपालिका सीएमओ , और वेकोलि मुख्य महाप्रबंधक को लिखित सूचना पत्र देकर समस्या को जल्द से जल्द निराकरण करने गुहार लगाई जाएगी ।

# हार्टिकल्चर ट्रेनिंग सेन्टर को खुलने का इन्तजार

### प्रशासन ने शासन से किया पत्र व्यवहार



छिंदवाड़ा। जमुनिया नर्सरी में हार्टिकल्चर ट्रेनिंग सेन्टर खुलने का इन्तजार कर रहा है, जमुनिया नर्सरी के बाजू में पड़ी 90 एकड़ जमीन में ट्रेनिंग सेन्टर बनना है।

बताया जाता है कि ट्रेनिंग सेन्टर जल्दी खुले इसके लिए कलेक्टर शीलेन्द सिंह ने सरकार से पत्र व्यवहार किया है, जिससे ट्रेनिंग सेन्टर जल्दी खुल सके।

बताया जाता है कि हार्टिकल्चर ट्रेनिंग सेन्टर खुलने से सेंकड़ों लोगों का रोजगार मिलेगा एवं उद्यानीकी के माध्यम से फलों की कई किस्में यहां उगाई जा सकेगी।

कमलनाथ सरकार ने 2018 में हार्टिकल्चर ट्रेनिंग सेन्टर की स्वीकृति दे दी थी किन्तु उनकी सरकार गिर गई और भाजपा सरकार ने इसे ठण्डे बस्ते में डाल दिया था।

जिले में पहली बार भाजपा के सांसद निर्वाचित हुये है और डबल इंजिन की सरकार में इसे अब शीघ्र ही प्रारम्भ किया जाना चाहिये।

हार्टिकल्चर ट्रेनिंग सेन्टर से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा, इसका लाभ किसानों को मिलेगा वे अपने खेतों अच्छी क्वालीटि के फलदार पौधे लगा सकेंगे। फलदार पौधे लगने से फलों का उत्पादन बढेगा जो किसानों की आय का साधन बनेगें। इसके अलावा एक्सीलेन्सी फ्लोरीकल्चर सेन्टर भी खुलेगा जिसमें फूलों की खेती के बारे में ट्रेनिंग दी जावेगी। इसके के लिए खूनाझिर के पास 24 एकड़ जमीन एलाट कर दी गई है। कमलनाथ जब मुख्यमंत्री बने थे तब उन्होने विकास की ढेर सारी योजनायें छिंदवाड़ा में स्वीकृत की थी, किन्तु इनकी सरकार गिरने से भाजपा ने सभी योजनाओं पर विराम लगा दिया। अब जिले में भाजपा के सांसद विवेक साहू है इन्हें चाहिये कि जितनी योजनायें ठण्डे बस्ते में पड़ी है, उसे निकलवाकर पुनः प्रारम्भ करवाये, जिससे रोजगार तो मिलेगा, उत्पादन बढेगा और आर्थिक आय के साधन बढेंगे। बताया जाता है कि यह 50 करोड़ का प्रोजेक्ट है जिसमें 50 के आसपास अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्टाप रहेगा।

## दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर...

## जुन्नारदेव के 83 व तामिया के15 हितग्राहियों को उपकरणों से किया लाभान्वित



**छिन्दवाड़ा।** भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत जिले में निवासरत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में विकासखंडवार पात्र दिव्यांगजनों को 18 से 27 जुलाई तक सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग वितरण शिविरों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में चिन्हांकित दिव्यांगजनों को उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा आयुक्त नगरपालिक निगम, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों और अन्य संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि जनपद पंचायत जुन्नारदेव में गत दिवस दिव्यांगजनों के लिये उपकरण वितरण शिवर का आयोजन छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह, जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य शेषराव यादव, पूर्व विधायक नथनशाह, सुश्री ज्योति डेहरिया, जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, नगरपालिका अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। शिविर में जुन्नारदेव से 83 हितग्राहियों व तामिया के 15 हितग्राहियों को विभिन्न उपकरणों से लाभान्वित किया गया।

## 10 वाहनों से लिया गया 64440 रुपये का जुर्माना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाने पर 3 वाहनों पर 1500 की चालानी कार्यवाही



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग में सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। जिसमें सवारी बसों, ऑटो रिक्शा व सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों के सभी दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध लाइसेंस आदि की जाँच की गई। साथ ही जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच भी की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई ।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग में वाहनों की चैकिंग की जानकारी मिलने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 10 वाहनों से 64440 रूपये का जुर्माना लिया गया । वर्तमान में उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संबंध में भी जांच की जा रही है, जिसमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाने पर 3 वाहनों पर 1500 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई । उन्होंने बताया कि वाहन संचालकों को समय-समय पर मीटिंग लेकर समझाईश दी जा रही है कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। सभी वाहन स्वामियों को हिदायत दी है कि वे सभी अपने-अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अतिशीघ्र लगवा लें और मोटरयान अधिनियम 1988 के सभी प्रावधानों का पालन करें।

## सरपंच संघ ने मनरेगा शुरू करने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



अमरवाड़ा। सरपंच संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम हेमकरण धुर्वे को सौंपा ज्ञापन जानकारी के अनुसार सरपंच संघ के अध्यक्ष घनश्याम ठाकुर ने बताया कि ग्राम पंचायत में चलने वाली शासन की मनरेगा योजना को बंद कर दिया गया है जिसकी वजह से ग्रामीण अंचलों में होने वाले पक्के कम नहीं हो रहे हैं और काफी परेशानी हो रही है इस योजना को शुरू करने की मांग की गई है वही सभी पंचायत भवन जर्जर हो चुके हैं इसलिए नए पंचायत भवन सभी पंचायत स्तर पर बनाए जाएं इसके अलावा सभी पंचायत पर सामुदायिक भवन भी बनाया जाए ताकि ग्रामीण को इसका लाभ मिल सके वही सरपंचों को अपने गांव से जनपद पंचायत बार-बार आना पड़ता है उन्हें यात्रा भत्ता दिया जाए वही सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को पेंशन मिलती है लेकिन सरपंचों को कोई पेंशन नहीं मिलती इसलिए उन्हें भी पेंशन दिया जाए।

50 हजार तक के निर्माणकार्य बिना तकनीकी स्वीकृति के सरपंच कर सके इसका प्रभार सरपंचों को दिया जाए ताकि नाली निर्माण साफ सफाई कराई जा सके प्रधानमंत्री आवास योजना में अधिकांश हितग्राहियों को लाभ नहीं मिल पाता है जिसकी वजह से गांव में विवाद की स्थिति निर्मित होती है इसलिए सरपंच को अधिकार दिए जाएं कि वह प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राहियों का नाम जुड़वा सके सरपंच की 181 में झूठी शिकायत की जाती है जिसकी वजह से दिक्कत होती है इस व्यवस्था को सुधारा जाए इन सभी मांगों को लेकर सरपंच संघ ने ज्ञापन सोपा है इस अवसर पर बड़ी संख्या में सभी पंचायत के सरपंच मौजूद रहे।

### 23 जुलाई को भोपाल में मुख्यमंत्री को देंगे ज्ञापन

सरपंच संघ के अध्यक्ष ने बताया कि 23 जुलाई को भोपाल में प्रदेश स्तरीय ज्ञापन मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष दिया जाएगा और उनसे निवेदन किया जाएगा की मनरेगा को फिर से शुरू किया जाए ताकि मनरेगा के अंतर्गत काम करने वाले सभी मजदूरों को रोजगार मिल सके और मनरेगा के माध्यम से गांव के विकास कार्यो को गति ला सके।

## मनाया जाएगा गुरू पूर्णिमा महोत्सव, तैयारियां शुरू



**बिछुआ।** नगर के माता मां चौक स्थित गणेश मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। गणेश मंदिर सेवा समिति बिछुआ के सचिव उमेश साहू ने बताया की महामंडलेश्वर डॉ वैभव अलोणी के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। 21 जुलाई को प्रातः 9 बजे से श्री मंगल मूर्ति एवं बाबा महाराज का अभिषेक, पूजा अर्चना के बाद गुरू दीक्षा के उपरांत हवन पूजन के साथ भंडारे में महाप्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होंगा।

### समिति के द्वारा बांटे जाएंगे 500 पौधें

श्री अलोणी महाराज सेवा संस्थान की गणेश मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष संजय चिंचोले ने बताया की इस वर्ष समिति के द्वारा प्रकृति संरक्षण के उद्देश्य से 500 पौधें वितरित किए जाएंगे। जिसमें आंवला, जामुन, आम, कटहल, अशोक, समी समेत अन्य फलदार एवं छायादार पौधों का समावेश है। बता दें कि संस्था के द्वारा पिछले 3 वर्षों से लगातार प्रकृति को बचाने के लिए पौधें वितरित कर आम जन मानस को प्रकृति संतुलन बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। समिति ने धर्मप्रेमियों से महोत्सव में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# गुनगुन को न्याय दिलाने रजक समाज ने दिया धरना



सांध्य प्रकाश, विदिशा। शुक्रवार को विदिशा शहर के साथ-साथ पूरे जिले के रजक समाज और प्रदेश के कई हिस्सों से आए रजक समाज के सदस्यों द्वारा गांधी चौक नीमताल पर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदेश भर में 6 अलग-अलग संगठनों के सदस्यों ने संयुक्त मोर्चे के रूप में धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश के पदाधिकारी ने बताया कि विदिशा की गुनगुन मालवीय के साथ डेढ़ महीने पहले मुस्कान राजपूत नामक युवती ने मौत के मुंह तक पहुंचा कर मरता छोड़ दिया था। 15 दिनों तक उसका इलाज चलता रहा। शासन-प्रशासन, पुलिस द्वारा उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। पुलिस ने अब तक आरोपी को गिरफ्तार भी नहीं किया है। यह भी चेतावनी दी गई की 7 दिन के भीतर यदि मुस्कान को गिरफ्तार नहीं किया गया तो सीएम हाउस के सामने पूरे प्रदेश के रजक समाज के सभी संगठन धरना प्रदर्शन करेंगे। स्थानीय रजक समाज के प्रमुख ने बताया कि विदिशा के तलैया मोहल्ला में रहने वाले गुनगुन मालवीय को मुस्कान राजपूत रेलवे ट्रैक पर लेकर पहुंची थी, जहां पत्थर मारकर उसे बेसुध कर दिया और पटरी पर मौत आने का इंतजार करते छोड़ गई थी। इतना समय बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इसी के कारण या धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। समाज द्वारा जल्द से जल्द गुनगुन को न्याय दिलाने की मांग की है।

# विधायक के आश्वासन पर वकीलों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन समाप्त

**जमीन आवंटन की मांग को लेकर 3 जुलाई से चल रहा था धरना**



सांध्य प्रकाश, विदिशा। विगत 3 जुलाई से लगातर चल रहे वकीलों के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के 16वें दिन शुक्रवार को शाम 4.30 बजे स्थानीय विधायक मुकेश टंडन जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। विधायक ने धरना प्रदर्शन में उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं का लंबे समय तक धरना प्रदर्शन करना पक्षकारों एवं नागरिकों के हितों को प्रभावित करेगा, क्योंकि वकील ही उनको न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ते हैं इसलिए मैं सभी को आश्वस्त करता हूं की आपके द्वारा की जा रही संघ को जिला उपभोक्ता फोरम की जमीन आवंटन कराने की मांग शीघ्र पूर्ण हो एवं मेरा आग्रह है की आप अपना धरना प्रदर्शन समाप्त करें। इसके बाद विधायक के आश्वासन एवं आग्रह पर संघ के अध्यक्ष प्रभुदयाल यादव ने अभिभाषक संघ के धरना प्रदर्शन की समाप्ति की घोषणा की एवं सचिव प्रेम सिंह दांगी ने धरना प्रदर्शन में सहयोग करने वाले सभी अधिवक्ताओं एवं पत्रकार बंधुओं व प्रशासन का आभार व्यक्त किया। धरना प्रदर्शन के समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, सचिव प्रेम सिंह दांगी, सह सचिव रविन्द्र रघुवंशी, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण वासिया, मेघराज राय, महेन्द्र वर्मा, लालूलाल जैन, राजकुमार छीपा, कैलाश किरार, ओपी किरार, राजेश यादव, रामकृष्ण रघुवंशी, सुरेश सेन, संजय चतुर्वेदी, देवेंद्र सक्सेना, संजय जैन, रूपेश सोनी, सुधीर पांडे, प्रेम नारायण शर्मा, उषा अहिरवार, सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

Government of Madhya Pradesh

MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

# A Confluence of Industries at "संस्कार धानी"

MSME

Madhya Pradesh
The heart of Incredible India

# INVEST MADHYA PRADESH

## REGIONAL INDUSTRY CONCLAVE

## 20th July, 2024, Jabalpur

Netaji Subhash Chandra Bose Cultural and Information Centre



Narendra Modi
Prime Minister



Dr. Mohan Yadav
Chief Minister

## INAUGURATION

by

## Dr. Mohan Yadav

Chief Minister, Madhya Pradesh

Guests of Honour

**Rakesh Singh**
Minister, Public Works Department, Govt. of MP

**Chetanya Kasyap**
Minister, MSME, Govt. of MP

9:00 am Onwards

**3500+** Participants

**500+** Buyer-Seller Meetings

**5** Sectoral Sessions

**Cultural** Programme

## CONCLAVE HIGHLIGHTS

- BUYER & SELLER MEETINGS
- THEMATIC SESSIONS
- ONE-TO-ONE MEETINGS
- EXHIBITIONS

*"Strengthening MSME Fuelling Regional Growth"*

**FOREIGN DELEGATES**

Taiwan, Malaysia, UK, Fiji, Costa Rica, Indonesia



Knowledge Partner

EY Building a better working world

**Website : invest.mp.gov.in**

National Partner

CII Confederation of Indian Industry

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

MPIDC(@MPIDC)/Twitter MP Industrial Development Corporation (MPIDC) MPIDC I Facebook MPIDC (@mpidc_gomp) MPIDC - YouTube

Designed by M.P. Madhyam/2024 D11035/24 Released by the Department of Public Relations, M.P.